CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 15°C

देहरादून, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 235 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper




हल्द्वानी, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 216 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

## संक्षिप्त समाचार

### दादरी रैली के बाद बदली सरकार की भाषा : अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि दादरी की रैली के बाद भाजपा सरकार की भाषा ही बदल गई है और भाजपा अब अपने कामों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि भाजपा अब मेट्रो और रिवर फ्रंट जैसी परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ये काम सपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे। उन्होंने कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सच बोल रही है या 'असर' का 'असर' दिखाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ी है।

### कफ सिरप तस्करी मामले में छह पकड़े

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में बुधवार को वाराणसी की कोतवाली पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हवाला के 42 लाख रुपये, नोट गिनने की तीन मशीनें और दस मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में नई दिल्ली के मूल निवासी अशोक, राजस्थान के बीकानेर निवासी मोहित, राम अवतार, गिरधारी, गाजीपुर निवासी संतोष गिरी और बलिया निवासी ओम प्रकाश शामिल हैं। इन सभी के नाम सरगना शुभम जायसवाल के करीबी हवाला कारोबारी वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए। पूछताछ में पता चला कि ये सभी हवाला कारोबार और कफ सिरप तस्करी से अर्जित अवैध धन के हेर-फेर के नेटवर्क को संचा. लित करते थे। जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय गांधी नगर कॉलोनी में इन्होंने अपने काले कारोबार का पूरा अड्डा बना रखा था।

## सैनिकों को मिले सम्मान, जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी

# पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिएए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाक. ात का हवाला देते हुए कहा कि जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने



- 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं
- यदि कोई सैनिक सेवा में है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा

एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। कैग ने कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है , लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया। विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नजरअंदाज कर दिया।

इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा। यह कदम उन सैनिकों को सजा देने जैसा है जो देश की सेवा जारी रखते हैं।

### असम के सीएम हिमंता भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कि राज्य में नफरत और डर का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि असम की पहचान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से रही है। उन्होंने महान हस्तियों की विरासत का उल्लेख करते हुए लोगों को जोड़ने और प्रेम का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही।

### विपक्ष की सशस्त्र पुलिस बल विधेयक जेपीसी को भेजने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सशस्त्र पुलिस बल विधेयक सरकार जल्दबाजी में लाई है और इसमें गहनता से विचार करने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि विधेयक को जिस तरह से पेश किया गया है वह जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

## जरूरतमंद को आवास, बीमार को इलाज प्राथमिकता: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



- साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर पढ़ने को प्रेरित किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। उन्होंने आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## ऐलान की तारीख से ही तलाक मान्य: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



- बड़ा फैसला सुनाया, मुस्लिम महिलाओं को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत तलाक को लेकर बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा कि जिस दिन पति तलाक का ऐलान करता है, उसी तारीख से तलाक प्रभावी माना जाएगा। बाद में अदालत द्वारा दिया गया कोई भी आदेश केवल घोषणात्मक होता है, जोकि तलाक की पुष्टि करता है।

यह आदेश तलाक की मूल तारीख से ही जुड़ा माना जाएगा और इससे कोई नया तलाक नहीं बनता। कोर्ट का यह फैसला उन मुस्लिम महिलाओं के लिए बड़ी राहत है, जिनकी दूसरी शादी तलाक की घोषणा के बाद हुई हैं। यानि अब उन्हें पति से हर्जाना मिल सकता है। कोर्ट में जस्टिस मदन पाल सिंह की सिंगल बेंच ने यह मामला सुना और फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मोहम्मदिया कानून के मुताबिक पति द्वारा तलाक का ऐलान करने की तारीख से ही माना जाता है। कोर्ट का बाद का आदेश केवल उसकी पुष्टि करता है न कि नई तलाक की तारीख, इसलिए डिक्री की तारिख को तकनीकी आधार बनाकर महिला को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। बता दें कि हुमायरा रियाज ने प्रयागराज के परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उनके दूसरे पति से खुद के भरण-पोषण की अर्जी खारिज कर दी गई थी। हालांकि परिवार न्यायालय ने उनके दो नाबालिग बेटों के भरण-पोषण का आदेश दिया था।

## यूपी में 11 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को गति देते हुए 3,212.63 करोड़ की लागत वाली 11 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजनाएं प्रदेश के 9 जनपदों में विकसित होंगी, जिनके तहत लगभग 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

चेयरमैन संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एक दिन पूर्व बुधवार को सम्पन्न हुई यूपी रेरा की 199वीं प्राधिकरण बैठक में निवेश के लिहाज से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ की लागत से 568 आवासीय इकाइयों की परियोजना को स्वीकृति मिली वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर शीर्ष पर रहा, जहां 843.14 करोड़ की लागत से 1,077 आईटी कार्यालय विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में 947.04 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी मिली, जिनमें कुल 815 इकाइयां विकसित होंगी। इसके अलावा झांसी, आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली और फिरोजाबाद में भी विभिन्न आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे छोटे और मध्यम शहरों में भी नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यूपी रेरा के अनुसार, इन परियोजनाओं से निर्माण कार्य के दौरान बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत: रिपोर्ट

**मुंबई।** पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है। दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ाई गई जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटाई गई। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है।

## दिल्ली-एनसीआर में बंद हो सकती हैं 462 फैक्ट्रियां!

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की कोशिशों के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में स्थित 462 फैक्ट्रियों को चिन्हित किया है, जो प्रदूषण की निगरानी के लिए जरूरी उपकरण लगाने में नाकाम रही हैं। इन सभी कंपनियों पर अब तालाबंदी या भारी जुर्माने जैसी सख्त कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने खास श्रेणी के उद्योगों के लिए ऑनलाइन कांटीन्यूअस इमीशन मॉनीटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) लगाना अनिवार्य किया है। इस सिस्टम में आधुनिक कैमरे और सेंसर लगाए जाते हैं, जो फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और कचरे की रियल टाइम (सीधी) निगरानी करते हैं। इन उपकरणों को सीधे सीपीसीबी के सर्वर और पोर्टल से जोड़ा जाता है। इससे अधिकारियों को दफ्तर में बैठे ही पता चल जाता है कि कौन सी फैक्ट्री तय मानकों से ज्यादा प्रदूषण फैला रही है। सीपीसीबी की जांच में पाया गया कि चिन्हित की गई 462 फैक्ट्रियों ने या तो यह सिस्टम लगाया ही नहीं है, या फिर इनके उपकरण तय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके चलते इन औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन की सटीक निगरानी संभव नहीं हो पा रही थी। सीपीसीबी ने संबंधित राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इन इकाइयों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 146000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो




## ट्रम्प के बयान के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प के ईरान युद्ध को लेकर जारी बयान के बाद गुरुवार को दुनिया भर में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और घरेलू स्तर पर बीएसई का सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा लुढ़क गया।

सेंसेक्स 872.27 अंक की गिरावट में 72,262.05 अंक पर खुला और कुछ ही मिनट में लगभग 1,525 अंक टूटकर 71,608.05 अंक तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,473.37 अंक (2.01 प्रतिशत) की गिरावट में 71,660.95 अंक पर रहा। श्री ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ मिशन में अपने



मुख्य लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, लेकिन अगले दो.तीन सप्ताह में हमले और तेज किए जाएंगे। उनके इस बयान के बाद जल्द युद्ध समाप्ति की उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों को निराशा हुई और शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 296 अंक गिरकर 22,383.40 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 460.70 अंक यानी 2.03 प्रतिशत नीचे 22,218.70 अंक पर था। शेयर बाजार में फिलहाल चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। बैंकिग, फार्मा, स्वास्थ्य, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रसायन समूहों पर ज्यादा दबाव है।

**तीस कंपनियां गिरावट में**

सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां अभी गिरावट में हैं। विमान सेवा कंपनी इंडिगो और दवा बनाने वाली सनफार्मा के शेयर चार फीसदी से ज्यादा नीचे चल रहे हैं। अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, इटरनल और टाट स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत फिसल चुके हैं।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। एक किलो चांदी भी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2. 40 लाख रुपए पर थी। अमे. रिका-ईरान जंग के कारण सोना 34 दिन में 13,590 और चांदी 42,040 सस्ती हुई है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,48,380 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोना 1,49,650 रुपये में मिल रहा है।

## चावल, गेहूं, चीनी व दालों के भाव में रही गिरावट, खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गई। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट चढ़कर 4,794 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 84 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

मूंगफली तेल 125 रुपये और वनस्पति 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7668.78 रुपये, मसूर काली 8073.16 रुपये, मूंग दाल 10121.92 रुपये, उड़द दाल 10747.45 रुपये, तुअर दाल 11219.48 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.53 रुपये और चावल 3818.68 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3275.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4300.91 रुपये और गुड़ 4964. 60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17789.85 रुपये, मूंगफली तेल 18695.62 रुपये, सूरजमुखी तेल 17266.75 रुपये, सोया तेल 14604.85 रुपये, पाम ऑयल 13231.22 रुपये और वनस्पति 14639.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मंत्री की गैरमौजूदगी पर सख्त हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला

### लोकसभा स्पीकर ने कहा-दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन में कुछ सदस्यों के देर तक बातचीत करने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने एक मंत्री के विभाग से संबंधित प्रश्न पूछे जाने के दौरान सदन में मौजूद नहीं होने पर गुस्सा जाहिर किया।

प्रश्नकाल के दौरान एक सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछा जाना था। यह सवाल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) से जुड़ा था, लेकिन उस समय केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन में मौजूद नहीं थे। उनके राज्य मंत्री भी अनुपस्थित थे। जिसपर सदन अध्यक्ष ने उन्हें फटकार लगाई।

इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से कहा कि वे इस मामले को ध्यान में लें और आगे से ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने पूछा कि एमएसएमई के राज्य मंत्री कौन हैं? राज्य मंत्री के भी अनुपस्थित रहने का संज्ञान लेने के बाद बिरला ने संसदीय कार्य मंत्री से इस मामले को ध्यान में रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। शून्यकाल शुरू होने पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कई सदस्यों और मंत्रियों को खड़े होकर लंबी बातचीत करते देखा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ जरूरत होने पर ही एक-दो मिनट बात कर सकते हैं। लंबी बातचीत नहीं करनी चाहिए। बिरला ने चेतावनी दी कि आगे से वह ऐसा करने वालों के नाम लिए जाएंगे। इससे पहले प्रश्नकाल में अध्यक्ष ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को टोका।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव आसन (स्पीकर की तरफ) की तरफ पीठ करके कई मिनट से दूसरे सदस्य से बात कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि आप तो वरिष्ठ सदस्य हैं, ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि सदन की मर्यादा बनाकर रखना सबकी जिम्मेदारी है। सभी सदस्यों और मंत्रियों को इसका पालन करना चाहिए।

## आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पार्टी ने अशोक मित्तल को इस पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के इस फैसले पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। जब मीडिया ने संजय सिंह से इसको लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि जो भी बताना था वो राज्यसभा सचिवालय बता दिया है। राज्यसभा सचिवालय को पार्टी का जो फैसला था उससे अवगत करा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को लिखे पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके साथ ही आप ने राज्यसभा सचिवालय से आग्रह किया है कि सांसद राघव चड्ढा की जगह सांसद अशोक कुमार मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया जाए। अशोक कुमार मित्तल ने इस बदलाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले एनडी गुप्ता उपनेता थे, फिर राघव जी ने पदभार संभाला और अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। कल किसी और को यह मौका मिल सकता है। पार्टी चाहती है कि हर सांसद और नेता अलग-अलग भूमिकाओं से सीखे और अनुभव प्राप्त करे। राघव चड्ढा के पार्टी छोड़ने की अटकलें को मित्तल ने अफवाह करार दिया है। राघव चड्ढा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि वो आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। पंजाब में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कथित शराब घोटाले में आप के कई बड़े नेताओं के रिहा होने के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि चड्ढा आम आदमी पार्टी से नाराज हैं।

## सरकारी मदरसों में मिड-डे मील योजना की जांच की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- यूपी में 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सहायता प्राप्त मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के आदेश के बाद इसकी कवायद तेज हो गई है। यह जांच प्रदेश के सभी 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में कराई जाएगी।

मिड-डे मील प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी द्वारा 23 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस पत्र के साथ 30 जनवरी को यूपी ऑल इंडिया पसमान्दा मंच की ओर से दी गई शिकायत भी संलग्न की गई है, जिसमें विभिन्न जिलों के मदरसों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार को शिकायतें मिली हैं कि मदरसों में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मदरसों के बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिले। मंत्री ने कहा कि यदि मिड-डे मील योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो यह सरकार की मंशा के विपरीत है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर के तीन सहायता प्राप्त मदरसों-मदरसा आयशा सिद्दीका, मदरसा दारुल उलूम फारूकिया और मदरसा फजले रहमानिया-में लगभग 8 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में 26 नवम्बर 2025 को कोतवाली नगर थाने में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से 12 की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मामले के सामने आने के बाद तीनों मदरसों के प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जुलाई 2025 में कुछ मदरसों में मिड-डे मील योजना के क्रियान्वयन न होने पर नोटिस भी जारी किया गया था। प्रदेश में कुल लगभग 25,000 मदरसे हैं, जिनमें से 558 को सरकार से अनुदान प्राप्त होता है।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 18°C

देहरादून, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 235 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 14 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स



सुधार या बोझ ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा : ईरान पेज 12

# मालदा मामले पर CJI सख्त

**एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया**

**पूछाः मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

# बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

**ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम**



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को

- **राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग**
- **प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई**

लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमश: 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

# आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के

- **कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही**

कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# 50 हजार का इनामी कुख्यात शूटर आशु पुलिस मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उप्र के मुरादाबाद में बुधवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में उधम सिंह गैंग का 50 हजार रुपये का इनामी शार्प शूटर आशू उर्फ मोंटी चड्डा मुठभेड़ में मार गिराया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक एसटीएफ कर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट भी छलनी हो गई। मौके से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने गुरुवार को बताया कि कुख्यात उधम सिंह गैंग के सक्रिय सदस्य आशू उर्फ मोंटी को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मार





- **भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद**

गिराया गया। उसके पास से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री निर्मित -32 बोर की पिस्टल, रिवॉल्वर और बड़ी संख्या में जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आशू उर्फ मोंटी चड्डा हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव का निवासी था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी समेत 36 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। हाल ही में 15 मार्च को उसने मुरादाबाद के एक प्रमुख निर्यातक से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम न देने पर दबाव बनाने के लिए बदमाशों ने निर्यातक की फैक्ट्री पर फायरिंग भी की थी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार रात सूचना मिली कि आशू अपने एक साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

# युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

**अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन**

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी



कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने

- **एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा**
- **9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे**

डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं

- **कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा**

सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

# चारधाम यात्रा सुगम बनाने को प्रशासन अलर्ट: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आगामी चारधाम यात्रा के सफल, सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से होटल एसोसिएशन, टैक्सी एवं बस यूनियन सहित विभिन्न हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और व्यवस्थाओं को समय रहते सुदृढ़ करें।

यात्रा काल में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए



### ■ चारधाम कारोबारियों की जनसमस्याएं सुनीं, समाधान का दिए आश्वासन

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जिला पूर्ति अधिकारी को गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कोयला एवं लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि स्थानीय व्यवसाय और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में उपस्थित हितधारकों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को भी विस्तार से रखा। यात्रा चेक पोस्ट पर स्थानीय वाहनों के संचालन में आने वाली समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि स्थानीय वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार संचालन व्यवस्था को सरल एवं सुचारू बनाया जाए, ताकि अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न न हों और यातायात व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

इस दौरान उपस्थित हितधारकों द्वारा यात्रियों की सीमित संख्या निर्धारित किए जाने की बाध्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय में शासन स्तर पर वार्ता कर उचित निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा, जिससे यात्रा से जुड़े सभी वर्गों को राहत मिल सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी आशीष कुमार, अजय पूरी, अशोक सेमवाल, शैलेन्द्र मटूडा, अशोक सेमवाल,प्रकाश बद्री सहित अन्य हितधारक और अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा प्राथमिकता: आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी चारधाम यात्रा का आगाज 19 अप्रैल से होने जा रही है, जिसके दृष्टिगत जनपद प्रशासन सभी आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं । जनपद में स्थित प्रमुख धाम यमुनोत्री धाम एवं गंगोत्री धाम के लिए विशेष प्रबंधन एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव मिल सके।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आदेश जारी कर दोनों धामों में सुचारू व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह को यमुनोत्री धाम एवं अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र को गंगोत्री धाम का सुपर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। संबंधित अधिकारी दोनों धामों में यात्रा से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी अपने-अपने सेक्टर में व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करेंगे। धामों और यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, परिवहन, सफाई एवं अन्य सेवाओं के लिए संबंधित विभागों द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी अपने-अपने विभागों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने एवं समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन निरीक्षण करेंगे तथा व्यवस्थाओं की सतत निगरानी बनाए रखेंगे।

# विद्यालयों को उपलब्ध करवाए आरओ वॉटर कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्टॉप टीयर्स संस्था द्वारा हैसकोनिंग इंडिया कल्सटेंट कंपनी के सीएसआर फंड से चार विद्यालयों को आरओ वॉटर कूलर उपलब्ध करवाएं गये है। स्टॉप टीयर्स संस्था के संस्थापक प्रमोद बमराड़ा ने कहा कि उनकी संस्था उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बताया कि स्टॉप टीयर्स संस्था द्वारा हैसकोनिंग इंडिया कल्सटेंट कंपी के सीएसआर फंड से राजकीय इंटर कॉलेज, न्यूली, कीर्तिनगर, राकउप्रा विद्यालय घिल्डियाल गांव कीर्तिनगर, राउमा विद्यालय, भुनका रुद्रप्रयाग और राउमा विद्यालय, उफल्डा श्रीनगर को आरओ वॉटर कूलर उपलब्ध करवाएं गये है। बताया आरओ वॉटर कूलर उपलब्ध करवाएं जाने को लेकर विद्यालय प्रशासन द्वारा डिमांड की गई थी। जिसकों को देखते हुए विद्यालयों में आरओ वॉटर कूलर स्थापित कर विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आरओ वॉटर कूलर उपलब्ध करवाएं जाने पर विद्यालय के शिक्षक मन्मोहन सिंह लिंगवाल, बीपी भट्ट, गणेश नेगी, विनीता नैथानी, महिपाल सिंह, केशर सिंह, जयशंकर, वीरेन्द्र सिंह, भरत सिंह ने स्टॉप टीयर्स संस्था और हैसकोनिंग इंडिया कल्सटेंट कंपनी का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर स्टॉप टीयर्स संस्था के उत्तम सिंह राणा, कुलदीप ठाकुर, कुलदीप सिंह, अनुष्का बिष्ट, मनीषा, सलोनी धनाई, राधाकृष्ण बमराड़ा आदि मौजूद थे।

### ■ स्टॉप टीयर्स संस्था द्वारा हैसकोनिंग कंपनी के सहयोग से वितरित किए कूलर

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय हिमोत्थान परियोजना समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सभागार गोपेश्वर में जिला स्तरीय हिमोत्थान परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, पर्यटन, रीप, डेयरी विकास एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को हिमोत्थान सोसाइटी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, स्थानीय जनता को रोजगार प्रदान करने, आमदनी में वृद्धि करने व जीवन स्तर को सुधारने में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये।

हिमोत्थान सोसाइटी चमोली के टीम लीडर डा0 आर एस



कोश्यारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि हिमोत्थान सोसाइटी टाटा ट्रस्ट की एक पहल के रूप में वर्ष 2007 से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं लद्दाख में प्रारम्भ किया गया था। यह सोसाइटी विशेषकर ग्रामीण विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र की जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और आजीविका के स्थायी साधन विक. सित करना व स्थानीय जनता को अलग-2 क्षेत्रों में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करवाना है।

हिमोत्थान सोसाइटी जनपद के थराली, देवाल, कर्णप्रयाग,दशोली एवं जोशीमठ विकासखंड के 218 गॉव में कार्य कर रही है। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी, जयप्रकाश तिवारी, हिमोत्थान संस्था से शशिभूषण उनियाल, दीक्षा पुण्डीर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्र बोलचाल के दौरान वंदे मातरम का प्रयोग करें: प्रो. वागमी

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई के ओर से गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में वंदे मातर्म अभियान के तहत वंदे मातरम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्स अतिथि परिषद के प्रांत शोध प्रमुख संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. विश्वेश वागमी ने छात्रों को वंदे मातरम के महत्व को समझाया।

इस मौके पर जिला संगठन मंत्री नितिन चौहान, गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल सिंह बिष्ट, गौरव मोहन नेगी, जसवंत सिंह राणा, अजय कुमार, पंकज टम्टा, संजय पंवार, शुभम, सारांश बर्त्वाल, पीयूष नौटियाल, श्रेय मंमगाई, प्रिया, प्रियंशा आदि मौजूद थे।

# महापौर ने किया नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण

### ■ कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम में व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए महापौर आरती भंडारी एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। गुरुवार को उन्होंने निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त रुख अपनाया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने उपस्थिति पंजिका की जांच की, जिसमें कई कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचे थे। इस पर



उन्होंने नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों की प्रविष्टि पंजिका में दर्ज करवाई और सभी को समय का पालन करने के कड़े निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम में अनुशासन सर्वोपरि है और जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि नगर निगम जनता की सेवा का केंद्र है। यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था स्वीकार नहीं की जाएगी। कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी समय का पालन करें और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शहर के विकास और जनहित के कार्यों में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। वहीं महापौर आरती भंडारी द्वारा नर्सरी रोड से आने वाले नाले का निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा अधिकारियों को नाले में जाले लगाने हेतु निर्देशित किया गया। जाले लगाने से प्लास्टिक की बोतलें, एवं अन्य कूड़ा नीचे न जा पाएगा। निरीक्षण के दौरान निगम के अधिशासी अभियंता पवन कोठियाल एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार जी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा को लेकर एक्शन मोड़ में एनएच विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा मार्गों को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विभाग द्वारा सड़कों पर पड़े गड्ढों को भरने (पैचवर्क) का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यात्रा मार्ग पर स्थित भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन स्थानों पर जमा मलबे को हटाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़े मलबे को 15 अप्रैल तक पूरी तरह

### ■ एनएच विभाग ने शुरू किया पैच भरने का कार्य

साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। एनएच विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव सिंह चौहान ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा कि यात्रा सीजन को देखते हुए यातायात को सुचारू रूप से चले इसकों लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग में पैच वर्क का कार्य किया जा रहा है, जबकि बछेलीखाल से लेकर रूद्रप्रयाग तक जहां भी पूर्व में भूस्खलन जोन बने है, वहां एनएच से जमा हुए मलबे को हटाने को कार्य किया जा रहा है।

# बाल सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, चलाया संयुक्त सर्च अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में बाल सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में श्रम विभाग के नेतृत्व में बाल सुरक्षा को लेकर एक संयुक्त सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस अभियान में बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग और चाइल्डलाइन 1098 की संयुक्त टीम शामिल रही।

दरअसल, टीम को किसी माध्यम से एक स्ट्रीट चाइल्ड (सड़क पर रहने वाले लावारिस बच्चे) के असुरक्षित स्थिति में होने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए



संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न संभावित स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने संदिग्ध ठिकानों और सार्वजनिक स्थलों पर निरीक्षण करने के साथ-साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। हालांकि, काफी प्रयास के बाद भी मौके पर कोई बच्चा नहीं मिला और न ही कोई बच्चा असुरक्षित स्थिति में पाया गया।

**हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई की प्रतिबद्धता:** अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बच्चों से जुड़ी किसी भी प्रकार की सूचना को प्रशासन बेहद गंभीरता से लेता है। सूचना मिलते ही तत्काल रेस्क्यू टीमें सक्रिय हो जाती हैं ताकि संकटग्रस्त या जरूरतमंद बच्चों तक समय रहते जरूरी मदद और संरक्षण पहुंचाया जा सके।

**प्रशासन की अपील, १०९८ पर दें सूचना:** जिला प्रशासन और बाल संरक्षण से जुड़ी टीमों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे बाल सुरक्षा में अपनी सहभागिता निभाएं। यदि आपको कहीं भी कोई लावारिस, संकटग्रस्त या असुरक्षित स्थिति में बच्चा दिखाई देता है, तो उसकी सूचना तुरंत चाइल्डलाइन के टोल-फ्री नंबर 1098 पर दें। आपकी एक सजग सूचना किसी बच्चे का भविष्य संवार सकती है।

## एक नजर .......

### गर्भवती को हथेली एम्बुलेंस से पहुंचाया ऋषिकेश एम्स

**उत्तरकाशी।** विकास खंड भटवाड़ी की एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा में कठिनाई के चलते जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी से सुरक्षित प्रसव के लिए हेली एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। वीरवार को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में भर्ती गर्भवती का सुरक्षित प्रसव नहीं हो पा रहा था। परि.



जनों के अनुरोध पर अस्पताल प्रशासन ने गर्भवती महिला श्रीमती वन्दना पत्नी विनय सिहं निवासी ग्राम शालु तहसील भटवाड़ी को प्रसव के दौरान कठिनाइयों के दृष्टिगत उक्त महिला को जोशियाडा हेलीपैड से हैली एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया है।

### छात्रों को दी एकीकृत सांख्यिकीय विधियों की जानकारी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शिक्षा



विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आईसीएसएसआर प्रायोजित रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला का दूसरा दिन एकीकृत सांख्यिकीय विधियों, एआई और सक्षम शोध कार्यप्रवाह के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षा विभाग कि प्रो. सीमा धवन द्वारा शोध के लिए एकीकृत सांख्यिकीय विधियों के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में डॉ. अखिलेश कुमार गौतम द्वारा एआई और सक्षम शोध कार्यप्रवाह के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र डॉ. हर सिंह ने ई-पुस्तकालय के विभिन्न उपकरणों और संसाधनों के उपयोग पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। मौके पर शोधार्थियों द्वारा चौरास परिसर स्थित केंदीय पुस्तकालय का भ्रमण किया। मौके पर कार्यशाला के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह, सह-निदेशक डॉ. आलोक कुमार सहित आदि मौजूद थे।

### निजमुला-विरही मोटर मार्ग पर डामरीकरण में मानकों की अनदेखी

**चमोली।** विकासखंड दशोली के निजमुला-विरही मोटर मार्ग पर इन दिनों चल रहा सुधारीकरण कार्य विवादों के घेरे में आ गया है। गाड़ी गांव के समीप किलोमीटर पांच में हो रहे डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग पर केवल सिंगल कोट तारकोल बिछाया जा रहा है, जिसके बरसात आते ही टिकने की उम्मीद न के बराबर है।

गाड़ी गांव निवासी दीपक रावत ने निर्माण कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क पर डामरीकरण, कटिंग और सुरक्षा दीवारों का निर्माण तय मानकों के विरुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आनन-फानन में सिंगल कोट तारकोल बिछाया जा रहा है, वह आगामी बरसात की पहली बौछार भी नहीं झेल पाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य पूरी तरह श्भगवान भरोसेश है और जनता के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

इस संबंध में जब विभाग का पक्ष जाना गया तो ब्रिडकुल के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कार्य नियमानुसार ही किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क के इस हिस्से के लिए तैयार की गई डीपीआर में ही सिंगल कोट तारकोल बिछाने का प्रावधान किया गया है, इसी आधार पर मौके पर कार्य कराया जा रहा है,डीपीआर पीडब्ल्यूडी विभाग ने बनाई है।

# हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिकोत्सव की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीपलकोटी।** चमोली जनपद के पीपलकोटी स्थित हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रतिभा से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दशोली ब्लॉक प्रमुख विनीता देवी और नगर पंचायत पीपलकोटी की अध्यक्ष आरती नवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पहाड़ी लोक संस्कृति और समसामयिक विषयों पर आधारित इन कार्यक्रमों की दर्शकों ने खूब सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला



ने कहा छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और पाठ्येतर गतिविधियों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं।ß

विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सुरजीत पंवार चमोली ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पीपलकोटी जैसे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने से अभिभावकों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेहतर शिक्षा और सुविधाओं के माध्यम से ही क्षेत्र में पलायन जैसी गंभीर समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रबंधक गौरव फर्स्वाण ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीमांत क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियों को देखते हुए ही इस संस्थान की स्थापना की गई है। उनका लक्ष्य क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। इस अवसर पर भाजपा नेता नंदन बिष्ट,भगत बिष्ट कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नंदा नगर सुखबीर रौतेला, अध्यक्ष, व्यापार संघ दीपक राणा,मनोज कुमार, दीपक पंत,अंकित सिंह, जगदीश सिंह, समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## वेस्ट ऑफ बेस्ट विषय पर एक रचनात्मक गतिविधि का किया आयोजन

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार के बीएड विभाग में प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा वेस्ट ऑफ बेस्ट विषय पर एक रचनात्मक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता विकसित करना तथा पुरानी एवं अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएं बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने टूटे-फूटे एवं अनुपयोगी सामान जैसे प्लास्टिक बोतलें, पुराने अखबार, कार्डबोर्ड आदि का उपयोग कर सुंदर एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया। विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और नवाचार ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को "बेस्ट ऑफ वेस्ट" का महत्व समझाते हुए बताया कि कैसे बेकार वस्तुओं का पुन: उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बीएड विभाग के अध्यक्ष डॉ रमेश चौहान, डॉ सुशील बहुगुणा, डॉ एसके आर्य, डॉ डीबी सिंह, डॉ सुषमा थलेड़ी भट्ट, डॉ सुनीता नौटियाल तथा डॉ डीके मौर्य उपस्थित रहे।

# सुधारीकारण कार्यों में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी इस दौरान यात्रा मार्गो की विस्तृत समीक्षा कर कार्यदायी संस्थाओं को यात्रा से पूर्व सड़क ट्रीटमेंट कार्य, सड़क में ब्लैकटाप के कार्य , प्रोटेक्शन वर्क, और स्लोप स्टेब्लाइजेशन के कार्यो को हर हाल में दुरस्त कर लेने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व सभी सड़कों के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुधारीकारण का कार्य दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों से यात्रा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुधारीकरण के कार्यों की वास्तविक प्रगति रिपोर्ट न भेजनें पर नाराजगी जताई।




### ■ डीएम ने मार्ग सुधारीकारण कार्यों में तेजी लाने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को अधिक मैनपावर और मशीनरी लगाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल के ईई को कामेडा से हेलंग तक बीआरओ के ईई को हेलंग से श्री बद्रीनाथ धाम तक और ईई एनएच रुद्रप्रयाग को चोपता मण्डल मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुधारीकारण कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिक मैनपावर और मशीनरी लगाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश को चारधाम यात्रा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुधारीकरण के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देने और वहां पर कितने मैनपावर और मशीनों को लगाकर कार्य किया जा रहा हैं उसकी वास्तविक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए सड़कों की खराब स्थिति के कारण लगने वाले जाम और उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यात्रा से पूर्व सड़क कार्यों का पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सड़क जाम जैसी स्थिति से यात्रियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश,पीडब्लूडी के ईई नवीन ध्यानी, बीआरओ से ईई केटी राव,ईई एनएच रुद्रप्रयाग ओमकार पाण्डेय एनएचआईडीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । जगह जगह भक्तजनों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया । वहीं हनुमान जन्मोत्सव पर श्री सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। इस दौरान मंदिर में सुंदर कांड पाठ के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया था। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंदिर परिसर में पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई थी।वासुकी फ्यूजन बैंड के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे । भजनों में मुख्य आकर्षण का केंद्र हनुमान के पात्र रहे।

# पुस्तक महोत्सव 4 से 12 तक होगा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, शिक्षा मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 4 से 12 अप्रैल 2026 तक देहरादून के परेड ग्राउंड में दून पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक महोत्सव में 10 लाख किताबें और 300 प्रकाशक आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

बुधवार को देहरादून में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक युवराज मलिक ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्दून पुस्तक महोत्सव 2026श की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि 'दून पुस्तक महोत्सव', पुस्तकों, विचारों और संस्कृति के एक अनूठे संगम के रूप में पूरे देश के पाठकों, लेखकों और कलाकारों को एक मंच पर लाएगा।

इस महोत्सव का उद्घाटन 4 अप्रैल को देहरादून के परेड ग्राउंड में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि, प्रख्यात विद्वान आचार्य बालकृष्ण, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक युवराज मलिक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।




- दून पुस्तक महोत्सव 2026, देहरादून में साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव
- नौ दिनों तक चलने वाले महोत्सव में गढ़वाली, कुमाऊँनी सहित कई भाषाओं की लाखों पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी

### कई जानी-मानी हस्तियां विभिन्न सत्रों में लेंगी हिस्सा

इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'दून साहित्य उत्सव' है, जहाँ जाने-माने लेखक, फिल्मकार, विचारक और जानी-मानी हस्तियाँ पैनल चर्चाओं और इंटरैक्टिव सत्रों के जरिए पाठकों से जुड़ेंगी। नितिन सेठ, इम्तियाज अली, अखिलेश मिश्रा, आचार्य प्रशांत, शुभांशु शुक्ला, ब्रिगेडियर सुशील तंवर, संजीव चोपड़ा, लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ जैसी जानी-मानी हस्तियाँ विभिन्न सत्रों में हिस्सा लेंगी। वक्ता सिनेमा और साहित्य, दून घाटी से महिलाओं की आवाज, वर्दी में नेतृत्व और साहस, भारत के अतीत में देशभक्ति और क्रांति, इंसान और मशीन के बदलते रिश्ते, और 1946 के नौसेना विद्रोह एवं सुभाष चंद्र बोस की विरासत जैसे ऐतिहासिक विषयों पर चर्चा करेंगे।

## मरीजों के उपचार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: उनियाल

देहरादून। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार की सक्रियता लगातार नजर आ रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने गुरूवार को कोरोनेशन अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और उपचार की गुणवत्ता को गंभीरता से परखा। अस्पताल पहुंचते ही मंत्री ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और वहां भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनका हाल जाना। मरीजों और उनके परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं, डॉक्टरों के व्यवहार और उपचार की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक लिया। कई मरीजों ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिस पर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर स्पष्ट कहा कि मरीजों को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ उपचार देना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों को अनिवार्य संबद्धता से मुक्त रखने की मांग

- जो संस्थाएं स्वेच्छा से मान्यता नहीं लेना चाहतीं, उन्हें बाध्य न किया जाए: जमीअत
- संविधान के अनुच्छेद 25 व 30 के तहत अपनी पसंद के शैक्षिक संस्थान स्थापित व संचालित करने का अधिकार
- देहरादून में मदरसों की समस्याओं पर हुई अहम बैठक, प्राधिकरण को पत्र भेजने का निर्णय

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** मदरसा दार-ए-अरकम, आजाद कॉलोनी देहरादून में गुरुवार को जमीअत के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मदरसों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में फैसला लिया गया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण को पत्र भेजा जाएगा। पत्र के माध्यम से यह मांग की जाएगी कि केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करने वाले मदरसों को प्राधिकरण से संबद्धता प्राप्त करने के लिए बाध्य न किया जाए।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम, 2025 लागू होने के बाद कई प्रावधानों को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और मामला अभी विचाराधीन है। ऐसे में जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक धार्मिक शिक्षण संस्थानों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अनेक मदरसे केवल धार्मिक शिक्षा देने के उद्देश्य से संचालित होते हैं और वे न तो सरकारी मान्यता चाहते हैं और न ही किसी प्रकार की सहायता। ऐसे संस्थानों के छात्र भी केवल धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक होते हैं, जिन्हें किसी सरकारी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होती। जमीअत के प्रवक्ता मौहम्मद शाहनजर ने कहा कि हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की और से 16 जनवरी 2026 को रिट याचिका संख्या 307/2026 में समान आदेश पारित किया गया है। जिस में कहा गया है कि केवल धार्मिक शिक्षा का ज्ञान देने के लिये स्थापित किये गये संस्थानों को किसी मान्यता की जरूरत नही है। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल कुद्दूस, मौलाना शराकत कासमी, मौलाना हुसैन अहमद कासमी, मौलाना गुलशैर कासमी, मुफती अयाज अहमद, मास्टर अब्दुल सत्तार, कारी साजिद, मौलाना अकरम, मौलाना अब्दुल रहमान, मौलाना एजाज कासमी, मौलाना रागिब मजाहिरी, कारी मुन्तजिर, मुफती खुशनूद, मौलाना फिरोज, मौलाना उस्मान कासमी, कारी अहमद अली, मौलाना अरशद, मौलाना मुरसलीन अहमद, कारी शाहवेज काश्फी, कारी नासिर, मौलाना इनाम, मौलाना सदाकत मजाहिरी, मुफती हिफजान मजाहिरी, कारी मोहसिन, कारी फखरूज्जमा, मौलाना जीशान, कारी मुकीम, कारी सादिक, मौलाना मुस्तफा कासमी, मौलाना अब्दुल खालिक मजाहिरी, कारी फरीद, कारी असलम, कारी शहजाद, मौलाना जाहिद, कारी फरहान मलिक, मौलाना मरगूब, हाफिज अबुजर, कारी हुसैन, अशरफ हाशमी, कारी मसरूर व दानिश अली सहित बड़ी संख्या में उलेमा मौजूद रहे।

## सुभारती में 'राष्ट्रबोध' से गूंजा देशभक्ति का स्वर

**देहरादून।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून में 'राष्ट्रबोध' कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 'वंदे मातरम' गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) देशदीपक, लोकप्रिया हॉस्पिटल व बीहाइव आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जीवन आशा व मुख्य वक्ता प्रमेश जोशी ने किया। कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्र आदित्य भीष्म सिंह ने 'वंदे मातरम' की प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। एबीवीपी के देहरादून महानगर सह मंत्री अमन शाह ने गीत की पंक्तियों का सार साझा किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रोफेसर (डॉ.) अतुल कृष्ण को "राष्ट्रबोध" कार्यक्रम की सफलता के लिये बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का चित्र भेंट किया गया। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) देशदीपक ने कहा कि वंदे मातरम् हमें राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की भावना से जोड़ता है।



# पार्टी में तकरार के बीच 5 दिवसीय दौरे पर आ रहीं कुमारी शैलजा

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा उत्तराखंड में पार्टी के भीतर चल रही तकरार के बीच 5 दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सांसद व प्रदेश प्रभारी शैलजा 8 अप्रैल को दोपहर 1 बजे रुद्रपुर पहुंचेंगी और वहीं से अपने दौरे की शुरुआत करेंगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने बताया कि रुद्रपुर पहुंचने के बाद शैलजा वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर मंथन करेंगी।

इसके बाद वह जिला कांग्रेस कमेटी ऊधमसिंह नगर, महानगर कांग्रेस कमेटी रुद्रपुर और काशीपुर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी।



- दिग्गजों की गुटबाजी थामने और कार्यकर्ताओं को संगठित करना रहेगी चुनौती
- 8 को रुद्रपुर से करेंगी दौरे की शुरुआत, हरिद्वार में गंगा आरती में होंगी शामिल

9 अप्रैल को वह हल्द्वानी स्थित स्वराज आश्रम में नैनीताल जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद कोटद्वार पहुंचकर शाम को कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी। 10 अप्रैल को कोटद्वार में बैठक के बाद हरिद्वार रवाना होंगी, जहां जयराम आश्रम में विभिन्न कांग्रेस इकाइयों के साथ बैठक करेंगी और गंगा आरती में भी शामिल होंगी।

11 अप्रैल को मसूरी में कार्यक्रम में भाग लेने के बाद देहरादून में महानगर और जिला कांग्रेस कमेटियों के साथ बैठक करेंगी। शाम को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति और पूर्व सैनिक विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। 12 अप्रैल को देहरादून में एनएसयूआई के 'जय भीम-जय हिंद' कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह नई दिल्ली लौट जाएंगी।

डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि इस दौरे के दौरान शैलजा प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा करेंगी। उनका दौरा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने का काम करेगा और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूती मिलेगी।

### एक नजर .......

## मुख्यमंत्री धामी से की केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग ने शिष्टाचार भेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को श्री केदारनाथ धाम के रावल श्री श्री श्री 1008 भीमाशंकर लिंग ने शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर रावल ने भगवान केदारनाथ की कृपा एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने रावल का स्वागत करते हुए केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा की और कहा कि राज्य सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी यात्रा सीजन को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। भेंट के दौरान केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं, यात्रा संचालन तथा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने रावल से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की प्रगति एवं जनकल्याण के लिए उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।



## प्रसिद्ध जागर गायक सुंदर लाल नरवान ने ली भाजपा की सदस्यता

**देहरादून।** भाजपा मुख्यालय में यमुनोत्री विधानसभा के चिन्यालीसौड के निवासी प्रसिद्ध जागर गायक सुंदर लाल नरवान ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की । प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ,बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने नरवान को पार्टी सदस्यता दिलाई ।




## वार्षिक परिणाम वितरण समारोह आयोजित

**देहरादून।** एम एस एकेडमी बंजारावाला में वार्षिक परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सैयद फारूक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, वहीं अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन करें और उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु में यूपीईएस ने किया 'दृष्टिकोण 3.0' पर मंथन

- उद्योग-शिक्षा के संगम पर नवाचार और प्रतिभा के भविष्य पर हुई चर्चा

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** यूपीईएस ने 'दृष्टिकोण 3.0' के तहत बेंगलुरु में एक विशेष नेतृत्व संवाद का आयोजन किया, जिसमें उद्योग और शिक्षाजगत के दिग्गजों ने नवाचार, प्रतिभा विकास और बदलती वैश्विक जरूरतों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'इकोसिस्टम कन्वर्जेन्सरू इंडस्ट्री, इनोवेशन, इंटेग्रिटी' रहा।



इस मंच पर डीपटेक, स्टार्ट-अप एक्सेलरेशन और जीसीसी ट्रांसफॉर्मेशन जैसे अहम विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि इन क्षेत्रों का अभिसरण किस तरह उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देने के साथ भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं का निर्माण कर रहा है।

इस मौके पर यूपीईएस के कुलपति डॉ. सुनील राय ने कहा कि उच्च शिक्षा का भविष्य उद्योग से मजबूत साझेदारी पर निर्भर करता है। 'दृष्टिकोण' इसी सोच के साथ एक ऐसा मंच है, जहां शिक्षाजगत और उद्योग के बीच सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राय के स्वागत संबोधन से हुई, जबकि समापन रजिस्ट्रार मनीष मदान के वक्तव्य के साथ हुआ। आयोजन में औपचारिक चर्चा के साथ नेटवर्किंग के अवसर भी दिए गए, जिससे प्रतिभागियों को विचार साझा करने का बेहतर मंच मिला।

**नवाचार से उद्यमों में बदलाव लाने की कोशिश:** कार्यक्रम में दो प्रमुख सत्र आयोजित किए गए। 'इनोवेशन एंड डिजाइन' में डिजाइन की भूमिका और उसके मानवीय अनुभवों पर प्रभाव पर चर्चा हुई, जबकि 'टेक्नोलॉजी एंड टैलेंट' सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि नवाचार किस तरह उद्यमों में बदलाव ला रहा है। स

ाथ ही यह भी रेखांकित किया गया कि उद्योग और शिक्षाजगत को मिलकर भविष्य के लिए नए कौशल और शिक्षण मॉडल विकसित करने होंगे। इस दौरान डेल टेक्नोलॉजी के साथ यूपीईएस ने एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत छात्रों और शिक्षकों को करिकुलम एन्हांसमेंट, फैकल्टी इमर्शन, गेस्ट लेक्चर, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट जैसे अवसर मिलेंगे।

## बाजपुर में होने वाले ओटीसी के लिए जुटे राष्ट्र सेविका समिति

**श्रीनगर।** राष्ट्र सेविका समिति आगामी ओटीसी की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुट गई है। समिति की सर्वव्यवस्था प्रमुख कृष्णा भट्ट ने बताया कि हाल ही में 28 मार्च से 31 मार्च तक सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर में चार दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 30 मई से 12 जून तक बाजपुर में आयोजित होने वाली ओटीसी आयोजित की जायेगी। प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, संगठनात्मक कौशल और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। कृष्णा भट्ट ने बताया कि ऊखीमठ में भी एक प्राथमिक शिक्षा वर्ग आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान चकराता में शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत चकराता मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा और संगठन के सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रथम दिवस का कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया, जिसका समापन देर शाम हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री भारत चौहान ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा "एकात्म मानववाद" और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को अपनाया है।

- नेताओं ने संगठन के सिद्धांतों पर डाला प्रकाश

उन्होंने कहा कि भाजपा एक सिद्धांतवादी संगठन है, जो राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रनिष्ठा के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति, समाज, परिवार और राष्ट्र को एकात्म भाव से जोड़ने की प्रेरणा पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को देती है। भारत चौहान ने कहा कि भाजपा भारत को माता के रूप में मानती है और उसी दृष्टिकोण से राष्ट्र के विकास की बात करती है।

द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अरुण मित्तल ने पार्टी की पाँच प्रमुख निष्ठाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने, शोषणमुक्त समाज की स्थापना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के लिए प्रतिबद्ध है। तृतीय सत्र में भाजपा देहरादून के जिला मंत्री अमित डबराल ने सामाजिक जीवन में जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यों का पालन और पर्यावरण संरक्षण हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जवाहर सिंह नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरबंस कुकरेजा, मंडल उपाध्यक्ष चकराता अतर सिंह, भाजपा नेता विवेक अग्रवाल, छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना, मोनित दुसेजा, सहज राम डिमरी, राजेन्द्र चौहान, महामंत्री कृपाल नेगी, सुभाष रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज नौटियाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता जोशी, धूम सिंह चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष नरेश चौहान, नारायण राणा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जी.डी. गोयनका ने ओरिएंटेशन डे मनाया

**देहरादून।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल ने ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक के एल नौटियाल, प्रबंधक राकेश नौटियाल, शालिनी नौटियाल, अर्चना नौटियाल,आर एस नेगी और विद्यालय प्रधानाचार्य अनंत वी डी थपलियाल के दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं की और से गणेश वंदना प्रस्तुत की गई।

सभा को प्रधानाचार्य अनंत वी.डी. थपलियाल ने संबोधित किया, जिसमें उन्होंने विद्यालय के मिशन और विजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय के हेड बॉय राघव शर्मा और हेड गर्ल भव्या द्वारा किया गया।

वंशिका शर्मा ने अकादमिक ओवरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। विद्यालय में नए नियुक्त स्टाफ सदस्यों का परिचय आरव रोहतगी द्वारा कराया गया, जिसके बाद सन्निधि मल्होत्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संस्थापक के एल नौटियाल, विद्यालय प्रबंधक राकेश नौटियाल, प्रधानाचार्य अनंत वी डी थपलियाल, उप प्रधानाचार्य हरलीन कौर चौधरी विभिन्न संकाय प्रमुख,समस्त शिक्षण और शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 271 दिनांक: 02/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन) छिबरो जल-विद्युत गृह, छिबरो (देहरादून) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0 01ई/ईई(उ)/सीपीएच/2026-27
कार्य का नाम: "छिबरो विद्युत गृह में कार्यालयो, कार्यस्थलों और समिति कक्ष के लिए फर्नीचर की आपूर्ति हेतू।"
अनुमानित लागत : रू0 9,30,904.00/- जीएसटी अतिरिक्त ।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि 03.04.2026 10:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 25.04.2026 को 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अधि0अभि0(उ) छिबरो
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# जोशी ने किया मसूरी-देहरादून मार्ग पर बन रहे वैली ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को मसूरी-देहरादून मार्ग पर पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन वैली ब्रिज के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से स्थायी पुल के निर्माण से पहले एक ओर अस्थायी वैली ब्रिज बनाने के निर्देश दिए थे।



- कहा, पर्यटन सीजन प्रारंभ होने से पूर्व हर हाल में वैली ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए

इसी क्रम में आज उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन सीजन प्रारंभ होने से पूर्व हर हाल में वैली ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस वैली ब्रिज के निर्माण से मसूरी-देहरादून मार्ग पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालय: अवस्थापना भवन, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001
टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 12/BRIDCUL-233/26 **E-Tender** Dated: 02/04/2026

**NIT No. (BRIDCUL/PU/DDN/2025-26)**

On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, MD, BRIDCUL, invites E-Tender for the following work from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore):-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid Submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation work at Registration Cum Transit Camp Rishikesh (Dehradun) Uttarakhand | 37.46 | 0.75 | ₹ 5000/- + 18% GST | 06.04.2026 | 20.04.2026 | 20.04.2026 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website https://www.uktenders.gov.in. Changes if any will be intimated only through our website https://www.uktenders.gov.in.

Project Manager
BRIDCUL

## प्रेस क्लब कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी व महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल को दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। प्रेस क्लब हरिद्वार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री सूर्यकांत बेलवाला एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह प्रेस कलब सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल, पूर्व महामंत्री दीपक मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपूरी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, सचिव कुलभूषण शर्मा, जोगेंद्र सिंह, सांस्कृतिक समारोह सचिव महताब आलम, प्रचार सचिव तनवीर अली, कोषाध्यक्ष काशीराम सैनी को शपथ दिलाई। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यकारणी सदस्यों संजीव शर्मा, डा.शिवा अग्रवाल, कुमार दुष्यंत, ठाकुर शैलेंद्र सिंह, कुमकुम शर्मा, सुदेश आर्य, बालकृष्ण शास्त्री, के.के. पालीवाल, अमित कुमार शर्मा, ललितेंद्र नाथ, रोहित सिखौला, विकास चौहान, नरेश दीवान शैली, आफताब खान, शिवप्रकाश शिव को शपथ ग्रहण करायी। इस दौरान मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। सभी पदाधिकारी कुशलता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज हित में कार्य करें तथा आने वाली पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करें। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रेस प्रतिनिधि ग्राउंड जीरो पर कार्य करते हैं। प्रत्रकारों द्वारा उपलब्ध कराई जान वाली जानकारी महत्वपूर्ण होती है। जिसके माध्यम से आम जनमानस की समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा शासन प्रशासन एवं प्रेस का एक ही उद्देश्य है कि आम नागरिक का जीवन खुशहाल बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि प्रेस एवं शासन प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष दिव्य भव्य स्वरूप में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अनुभवी अधिकारी मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन के नेतृत्व में कुंभ मेला 2027 भव्य व दिव्य रूप से संपन्न होगा। नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महासचिव सूर्यकांत बेलवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार जन सरोकारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं। मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने प्रेस क्लब के चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग, लव शर्मा और मनोज सोही को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखोला, दीपक नौटियाल, रामचंद्र कन्नौजिया, आदेश त्यागी, गुलशन नैय्यर, सुनील दत्त पांडेय, बालकृष्ण शास्त्री, रोहित सिखौला, राजेंद्रनाथ गोस्वामी, रामेश्वर गौड़, कुमार दुष्यंत, मयूर सैनी, राहुल वर्मा, राजकुमार, नरेश गुप्ता ने मुख्य अतिथि मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, श्रीमहंत रविंद्रपुरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया।




इस अवसर पर शिव शंकर जायसवाल, श्रवण झा, दीपक नौटियाल, राहुल वर्मा, गुलशन नैय्यर, संजय आर्य, प्रदीप गर्ग, दीपक मिश्रा, मुदित अग्रवाल, प्रदीप जोशी, नरेश गुप्ता, अहसान अंसारी, शैलेंद्र ठाकुर, शाहनवाज आदि पत्रकारों के साथ समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा, डा. विशाल गर्ग, संजय चोपड़ा, सपना शर्मा, ब्रजेश यादव, पंकज वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथी मौजूद रहे।

# चंडीघाट चौकी में हंगामा व तोड़फोड़ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना क्षेत्र के चंडीघाट चौकी में सड़क हादसे के बाद गुस्साए लोगों द्वारा हंगामा और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात श्यामपुर कांगड़ी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार 40 वर्षीय प्रवेश निवासी चंडीघाट बस्ती, हाल निवासी कांगड़ी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में चंडीघाट चौकी पहुंच गए। इस दौरान आरोपी कार चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर चौकी का घेराव किया गया। आरोप है कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने चौकी परिसर में घुसकर हंगामा किया, तोड़फोड़ की और पथराव कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग चौकी के अंदर कुर्सियां तोड़ते और हंगामा करते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार रात ही आरोपी कार चालक समेत चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं चौकी में हंगामा और तोड़फोड़ करने वाले अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि युवक की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश स्वाभाविक है, लेकिन कानून व्यवस्था भंग करने और तोड़फोड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला के कुंडल छीनने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में महिला के कुंडल छीनने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से छीने गए कुंडल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी है। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च को रोशनाबाद निवासी महिला ने थाना सिडकुल पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार द्वारा झपट्टा मारकर सोने के कुंडल छीन ले जाने के संबंध में मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए चेकिंग के दौरान नसीम मलिक पुत्र मुंशरीफ उर्फ निन्हा निवासी ग्राम गोविन्दपुर दादूपुर थाना रानीपुर को घटना में प्रयुक्त बाइक समेत



दबाचेकर उसके कब्जे से महिला से छीने गए कुंडल बरामद कर लिए। पूछताछ में आरोपी नसीम ने बताया कि उसने दो शादी की हैं। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एसएसआई देवेन्द्र सिंह तोमर, एसआई शैलेन्द्र मंगगाई, हेडकांस्टेबल देशराज, प्रेम सिंह, जितेन्द्र मलिक व कांस्टेबल गजेन्द्र प्रसाद शामिल रहे।

# चांदीमय सौंदर्यीकरण के साथ हनुमान मंदिर हुआ भव्य, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम, बाबा हीरादास हनुमान मंदिर, सिंहद्वार ज्वालापुर में हनुमान प्रकटोत्सव महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर के चाँदी में पूर्ण सौंदर्यीकरण का लोकार्पण भी भव्य रूप से संपन्न हुआ। आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डा. स्वामी संतोषानंद देव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण के लिए आना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से नहीं पहुंच सके। उनके प्रतिनिधि के तौर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने शिलापट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमारी सांस्कृतिक



विरासत को सशक्त बनाते हैं। श्रद्धालुओं में मंदिर के चाँदीमय स्वरूप को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला रहा है। गुरुवार 2 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा शामिल हुई। सिंहद्वार, रामनगर, आर्यनगर, शंकर आश्रम होते हुए आश्रम परिसर में समाप्त हुई। वहीं हनुमान जी का विशेष श्रंगार, छप्पन भोग, के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में संतों एवं आम भक्तजनों प्रसाद ग्रहण किया। सांयकाल में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ के उपरांत रात्रि में हनुमान जी की विशेष आरती संपन्न होगी। इस मौके पर होप सुपर स्पेशियलिटी एवं कैंसर हास्पिटल, हरिद्वार के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर प्रदीप बत्रा (परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन मंत्री) एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहें। वहीं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मंशा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, साध्वी नेहा आनंद, विकास मौर्या, स्वामी रामदास, स्वामी ओम प्रकाश, रंजीता झा, सुधा राठोर, रश्मि झा, नीतू वार्ष्णेय, संतोष झा, बीएन राय, प्रियंका राय, संतोष कुमार, अग्रेश मुनीम, पं. राजेन्द्र, दुर्गा जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ मारपीट, छेड़छाड़ व जबरदस्ती के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नाबालिग किशोरी के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जबरदस्ती के आरोपी को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी चन्द्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मूलचंद उर्फ भूला पुत्र नेम सिंह निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश हाल निवासी छोटा रविदास मंदिर मोहल्ला कडच्छ ज्वालापुर पर घर में घुसकर 14 वर्षीय बेटी से मारपीट, छेड़छाड़ व जबरदस्ती का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पॉक्सो व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी मूलचंद उर्फ भोला को शास्त्री नगर ज्वालापुर से गिरफ्तार



कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसआई समीप पाण्डेय, एसआई सोनल रावत, कांस्टेबल महावीर सिंह, कर्मसिंह चौहान शामिल रहे।

# मुस्लिम समुदाय की बैठक में एकजुटता पर जोर, 2027 चुनाव की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के शालीमार गार्डन, बादशाहपुर में मुस्लिम समुदाय की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अभी से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले मुकर्रम अंसारी ने इरशाद अली के साथ मिलकर अपना पक्ष मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है, जिसके तहत लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बताया गया कि मुकर्रम अंसारी, इरशाद अली, नजाकत अली, सानू सहित कई नेताओं ने कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस का दामन छोड़ा था। गुरुवार को आयोजित इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 55 हजार मुस्लिम और एससी मतदाता होने के बावजूद स्थानीय मुद्दों को नजरअंदाज कर बाहरी प्रत्याशियों को जिताया जाता रहा है। उन्होंने आगामी चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी को मैदान में उतारने और उसे समर्थन देने की अपील की। मुकर्रम अंसारी ने कांग्रेस छोड़ने के बाद विधायक अनुपमा रावत के प्रति नाराजगी भी जाहिर की और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं इरशाद अली, जिन्होंने हाल ही में कांग्रेस से किनारा किया है, अब पार्टी के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोलते नजर आ रहे हैं और बसपा से टिकट का दावा जता रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि मुस्लिम समाज और एससी मतदाताओं का यह समीकरण एकजुट होता है, तो इसका सीधा असर चुनावी नतीजों पर पड़ सकता



है और कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बैठक में मुंशी शकील, फुरकान ठेकेदार, अलीम, शाहरुन त्यागी, रिजवान अंसारी, गुलाम फरीद, साजिद अली, महफूज आलम, इकराम, आरिफ, नवाब, जमील, अफजाल, अबरार, असलम, सरीफ, तारिक, अजीम, सलीम, नाजिम, चंदा, ताहिर, अय्यूब, इरफान चेची, रियासत, नसीम, गुलशनव्वर अंसारी, खालिद, गुलफाम, दिलशाद, वसीम, जावेद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव कटारपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय का बीती रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। विद्यालय के प्रधानाध्यपक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बीती रात राजकीय प्राथमिक विद्यालय कटारपुर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक राकेश सिंह ने फेरूपुर चौकी में तहरीर देकर बताया गुरुवार की सुबह स्कूल गया तो विद्यालय के पुराने कार्यालय सहित सभी कक्षों के ताले अज्ञात चोरों द्वारा तोड़ दिए गए थे, तथा अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त अवस्था में बिखरा हुआ था। चोरों द्वारा प्रधानाध्यापक कक्ष में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें



रखे चार टैबलेट चोरी कर लिए गए। साथ ही विद्यालय के महत्वपूर्ण पुराने अभिलेखों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि चोरों ने बाथरूम क्षेत्र तक पहुँचकर वहाँ रखी सीढ़ी का उपयोग करते हुए अन्य कक्षों में प्रवेश किया। मिड डे मील, कक्ष में रखे अतिरिक्त बर्तन बिखरे हुए पाए गए, जिनमें से लगभग 250 थालियाँ एवं गिलास चोरी कर लिए गए। विद्यालय पीटी के लिए रखा गया ड्रम को भी तोडकर पीतल वाला भाग चुरा कर ले गये रखा गया ड्रम भी चोरों द्वारा तोड़कर ले जाया गया, किचन कक्ष में प्रवेश करने का प्रयास भी किया गया, किंतु वे आंतरिक इंटरलॉक तोड़ने में सफल नहीं हो सके। विद्यालय परिसर में संचालित दो आंगनवाड़ी केंद्रों के ताले भी तोड़े गए तथा वहाँ का सामान भी बिखरा हुआ पाया गया है। इस घटना से विद्यालय व्यवस्था एवं बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया स्कूल में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। मामले की जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव पर प्राचीन हनुमान मंदिर हनुमान घाट में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गुरुवार को प्राचीन हनुमान मंदिर, हनुमान घाट पर श्री बालाजी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक झालरों और विद्युत सज्जा से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगी। भक्तों ने भगवान बजरंग बली के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्र पुरी का मंदिर पहुंचने पर महंत रविपुरी ने फूल-मालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी उनका अभिनंदन किया।

इसके बाद श्रीमहंत डॉ. रविंद्र पुरी ने भगवान बजरंग बली की विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती की और विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रीमहंत डॉ. रविंद्र पुरी ने कहा कि श्री बालाजी जन्मोत्सव हमें भगवान हनुमान की भक्ति, सेवा, शक्ति और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बजरंग बली केवल शक्ति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि धर्म, साहस और निष्ठा के भी आदर्श हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को समाज सेवा और धर्म रक्षा के कार्यों में आगे आना चाहिए। महंत रविपुरी ने कहा कि हनुमान जी की कृपा से सभी भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# मारपीट करने पर आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव कटारपुर में एक व्यक्ति के साथ घर मे घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। व्यक्ति ने मारपीट करने वालो के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अनुज पुत्र धर्मपाल निवासी कटारपुर ने पुलिस की दी गई तहरीर में आरोप लगाया है। दोपहर लगभग एक बजे वह अपने घर के अन्दर था उसी दौरान गांव के ही रहने वाले अमन पुत्र मांगेराम, अंकुश पुत्र फकीर चन्द व अनुज उर्फ छोटा पुत्र फकीर चन्द, मांगेराम पुत्र भज्जड, राहुल पुत्र सतपाल मेहुल पुत्र सतपाल व दो अज्ञात लडके निवासी गण सभी कटारपुर लाठी डन्डो के साथ मेरे घर में घुस आये ओर गालिया देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नही आरोपियों ने पीड़ित के घरवालो के साथ भी गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी ओर ईट पत्थर भरसाने शुरू कर दिये तथा अंकुश ने सिर पर जान से मारने की नीयत से हमला कर फावडे से वार कर दिया। मारपीट में सभी सदस्यों को काफी गंभीर चोटे आयी है। शोर शराबा देखकर ग्रामीणो ने किसी तरह बीच बचाव कर जान बचायी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों का उपचार कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री को दिया दमड़ी शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गुरू रविदास साधु संप्रदाय सोसाइटी पंजाब के अध्यक्ष संत निर्मलदास ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर गुरू रविदास के 649वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर निर्मला छावनी स्थित भगवान रविदास आश्रम में 4 अप्रैल को आयोजित की जा रही दमड़ी यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। संत निर्मलदास ने मुख्यमंत्री को भगवान रविदास का चित्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री आवास में भेंट के दौरान राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल भी मौजूद रहे। संत निर्मलदास ने बताया कि गुरू रविदास के प्रकाशोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष पंजाब के जालंधर से हरिद्वार तक दमड़ी यात्रा निकाली जाती है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि दमड़ी यात्रा 4 अप्रैल को निर्मला छावनी स्थित भगवान रविदास आश्रम पहुंचेगी। इसके बाद साध संगत द्वारा हरकी पैड़ी तक दमड़ी शोभायात्रा निकाली जाएगी। हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में भाग लेने के उपरांत शोभायात्रा वापस निर्मला छावनी में आकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को अखंड पाठ और भजन कीर्तन के उपरांत कार्यक्रम संपन्न होगा।

# 14 अप्रैल को अंबेडकर गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय संविधान के निर्माता की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी हरिद्वार द्वारा एक दिवसीय अंबेडकर गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल इंटर कॉलेज, धनौरी के क्रीड़ा मैदान में किया जाएगा, जिसमें जनपद की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

आयोजन मुख्य संयोजक करणपाल सैनी के निर्देशन में होगा जबकि सह-संयोजक के रूप में अजय कुमार अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में गुलाब, संजय अरोड़ा, चंद्रकिरण, मुस्कान, राधिका डबराल, नैंसी, सोनिया एवं प्रियंका सैनी सहयोग प्रदान करेंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा तथा प्रातः 9 बजे अतिथियों द्वारा मैच का शुभारंभ किया जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीकरण हेतु 20 शुल्क जमा करना होगा तथा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने जनपद के सभी टीम कोच एवं मैनेजर से अपील की है कि वे अपनी टीमों के साथ समय से पहुंचकर प्रतियोगिता को सफल बनाएं।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार

Phone/Fax No. 01334-227446, E-Mail ID-eepdhar@rediffmail.com

### ई-निविदा सूचना

पंत्राक : 799/2ए दिनांक 31/03/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 06.04.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | कन्सल्टैंट की अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | निक्षेप मद के अन्तर्गत हरिद्वार में डाम कोठी नं0-2 व डाम कोठी नं0-3 के मध्य भवन निर्माण के लिये डिजाइन, डाइंग, वैटिंग एवं डी0पीआर0 गठन हेतु सन्सल्टैंसी का कार्य। | 23000.00 | Rs. 1000.00+ 18% GST | 01 माह | 90 दिन | कन्सल्टैंट/फर्म, काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर में पंजीकृत होना चाहिए। फर्म को Similar nature के भवन की आर्किटेक्चरल डिजाइन एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन का अनुभवन होना चाहिये। |

नोट : समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा के साथ अपलोड होंगी, जिनका अनुपालन करना अनिवार्य है।

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार

### सूचना

मेरे व्यवहारी नदीम पुत्र मोहम्मद अलीम व अन्य की सम्पत्ति मुतालिका खसरा नं० 266, स्थित ग्राम रामपुर मुस्तहकम परगना व तहसील रूडकी जिला हरिद्वार का पुराना असल बैनामा जो की तहसीन खान पुत्र मोहम्मद यासीन खान ने रियासत पुत्र नुरू के हक मे किया था जो बही नं0-1 जिल्द नं0-3068/3070, पृष्ठ नं0-9/875-882, क्रमांक नं0-6665 दिनांक 14/07/2006 पर पंजीकृत है कही खो गये है व नदीम पुत्र मोहम्मद अलीम व अन्य पीरामल फाईनेंस लि० से लोन लेने की इच्छुक है यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या 7 दिन के अंदर सम्पर्क करे, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा। विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चैंबर नंबर 27, तहसील रूड़की मो० नं0 9412073170.

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी: जोशी



■ कैबिनेट मंत्री ने किया बीजेपी के प्रशिक्षण महाअभियान में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मसूरी मंडल के प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस का शुभारंभ किया।

मसूरी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कृषि एवं सैनिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी सरकार की योजनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए उन्हें आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान सहित मसूरी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विदित हो कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सात सत्र आयोजित किए गए। सत्र को क्रमशः मुख्य वक्ता के तौर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और सरकार में दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, भाजपा प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, जिला प्रकोष्ठ संयोजक सुरेन्द्र राणा, आईटी सह संयोजक गौरव सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी ने संबोधित किया।

## जंतु विज्ञान विभाग में प्रतियोगिताओं का आयोजन, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता के जंतु विज्ञान विभाग में विभागीय परिषद के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रियांशी रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्चना भारती द्वितीय एवं कुमारी रेशमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कुमारी रेशमा ने प्रथम स्थान हासिल किया, प्रियांशी रावत द्वितीय तथा अर्चना भारती तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल में डॉ. सुदीप्ता कंडारी एवं डॉ. मंजू अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि विभाग प्रभारी डॉ. शैलजा रावत ने आयोजन का सफल संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इनसे विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी प्रेरणा मिलती है।

# साहिया कॉलेज के छात्र लेखक गांव पहुंचे

■ साहित्यिक विरासत से हुए रूबरू: डॉ. शशिकला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया के हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राएं एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत देहरादून स्थित लेखक गाँव पहुँचे। इस दौरान विद्यार्थियों ने वहां की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से जाना और समझा।

लेखक गाँव में गाइड शुभम ढौंढियाल ने विद्यार्थियों को नालंदा पुस्तकालय, नरसिंह मंदिर, लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र-नवग्रह वाटिका, योग साधना केंद्र और ऑडिटोरियम का भ्रमण कराया।

छात्रों ने इन सभी स्थलों के महत्व को समझते हुए साहित्य और प्रकृति के गहरे संबंध का अनुभव किया।

हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकला ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के सानिध्य में साहित्य सृजन की प्रक्रिया से परिचित कराना और हिमालयी सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान छात्रों ने जाना कि प्राकृतिक वातावरण में रहकर साहित्य सृजन किस प्रकार किया जाता है और यहाँ विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किस प्रकार आयोजित किए जाते हैं। यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम में आशीष, मनोज, प्रदीप, अंकित, आयुषी, बनिता, सोनिया, अनीशा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य के चलते बड़े वाहनों का संचालन हो बाईपास मार्ग से: कनौजिया

**विकासनगर।** नगर में चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य के चलते बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर रिंकू कनौजिया ने विक. ासनगर पालिका अध्यक्ष धीरज बाबी नौटियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं विक. ासनगर कोतवाल राजीव रौथाण से अनुरोध किया है कि जब तक शहर में सीवर लाइन का कार्य जारी है, तब तक बड़े वाहनों का संचालन बाईपास मार्ग से कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के कारण सड़कों पर जगह-जगह खुदाई होने से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही से समस्या और बढ़ रही है। रिंकू कनौजिया ने प्रशासन से जनहित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

**HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लि.**

अलंकार कॉम्पलेक्स, इण्डेन गैस एजेंसी के सामने, काशीपुर बायपास रोड़, रुद्रपुर उत्तराखण्ड

**नीलामी सूचना**

नीचे उल्लिखित कर्जदार ने गिरवी रखे गए स्टॉक के एवज में ऋण लिया है। बैंक द्वारा मांग/परिसमापन नोटिस जारी किए जाने के बावजूद, कर्जदार ने बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया है। इसलिए, बैंक ने भारतीय अनुबंध अधिनियम-1872 की धारा 176 के तहत बैंक के पास गिरवी रखे गए और नीचे उल्लिखित गोदाम में संग्रहीत कमोडिटी के स्टॉक को इच्छुक पार्टियों को ''जैसा है जहाँ है'' और ''बिना किसी उत्तरदायित्व'' के आधार पर बेचने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह कमोडिटी यानी **गेहूँ, आर्या कोलेटरल वेयरहाउसिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** की निगरानी में गोदाम में ताले और चाबी के तहत सुरक्षित रखा गया है। नीचे उल्लिखित कर्जदार यदि चाहें तो (नीलामी के समय) उपस्थित रह सकते हैं।

**नीलामी का स्थान: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अलंकार कॉम्पलेक्स, इण्डेन गैस एजेंसी के सामने, काशीपुर बायपास रोड़, रुद्रपुर उत्तराखण्ड**

| ऋणी का नाम | गोडाउन का पता | कमोडिटी का नाम एवं कमोडिटी की मात्रा एमटी में | कमोडिटी का आरक्षित मूल्य प्रति एमटी |
|---|---|---|---|
| एम के राईस मिल गदरपुर | किशन लाल का गोडाउन, खसरा नं. 22, ग्राम भैंसिया गदरपुर उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड | गेहूँ (दारा): 1578.238 | Rs. 24,000/- |

बोली आवेदन **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अलंकार कॉम्पलेक्स, इण्डेन गैस एजेंसी के सामने, काशीपुर बायपास रोड़, रुद्रपुर उत्तराखण्ड** पर कार्यदिवस में दिनांक **04.04.2026 से 08.04.2026 तक** प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच जमा करें।

बोली को बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा **09.04.2026** को दोप. 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच (नीलामी की तिथि) उपलब्ध/इच्छुक बिडर्स के सामने **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अलंकार कॉम्पलेक्स, इण्डेन गैस एजेंसी के सामने, काशीपुर बायपास रोड़, रुद्रपुर उत्तराखण्ड** की ब्रांच पर खोली जाएगी।

निविदाकर्ताओं/संभावित खरीददारों को यदि वे चाहें तो निविदाएं खोले जाने के बाद अपने प्रस्तावों को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इसलिए, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्वयं/व्यक्तिगत रुप से या अपने विधिवत अधिकृत और अधिकार प्राप्त प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण के दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।

नीलामी के नियमों और शर्तों का विवरण हमारी उपरोक्त शाखा में **श्री भास्करा नन्द (मोबाईल: 7827174433)** के पास उपलब्ध है।

**दिनांक : 03.04.2026**
**स्थान : उधमसिंह नगर**

**एचडीएफसी बैंक लि.**
**हस्ता- प्राधिकृत अधिकारी**

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय रूद्रप्रयाग**
**प्र.दी.वा.सं.- 02/2026**
**सी. एन. आर. नं.-यू. के. आर. यू.**

वादी:- मोहन सिंह, उम्र 81 साल पुत्र स्व. वैरागी सिंह निवासी ग्राम-जाल, (तल्ला) रा. उ. नि. क्षे. कालीमठ पो.ओ.-जाल (तल्ला) तहसील ऊखीमठ जिला-रुद्रप्रयाग मो. नं.-9759653366.

**बनाम**

**विपक्षीगण:**-1. माधावर सिंह उम्र 46 साल पुत्र मोहन सिंह (ताऊ) 2.श्रीमती दीपा देवी, उम्र 48 साल पत्नी स्व. ताजबर सिंह (ताई) 3. कमला देवी, उम्र साल पत्नी श्री बलवीर सिंह निवासी बणसू जाखधार, पो. ओ.-जाखधार, रा. उ. नि. क्षे. गुप्तकाशी तहसील ऊखीमठ, जिला-रूद्रप्रयाग।
4.श्रीमती विनीता देवी, उम्र 35 साल पत्नी श्री दिनेश रावत (बुआ) निवासी ग्राम रामपुर न्यालसू रा. उ. नि. क्षे. फाटा तहसील ऊखीमठ, जिला-रूद्रप्रयाग। 5. महेन्द्र सिंह, उम्र साल पुत्र वेनी प्रसाद तिवाडी- (मामा) निवासी ग्राम-त्रियुगीनारायण रा.उ.नि. फाटा तहसील ऊखीमठ जिला रूद्रप्रयाग। 6. प्रदीप सिंह पुत्र वेनी प्रसाद तिवाडी (मामा) निवासी ग्राम त्रियुगीनारायण रा.उ.
नि. फाटा तहसील ऊखीमठ जिला रूद्रप्रयाग। 7. समस्त आम व खास (औपचारिक पक्षकार)
चूंकि प्रार्थी मोहन सिंह पुत्र स्व. बैरागी सिंह निवासी ग्राम-जाल तल्ला, पो. ओ. -जाल तल्ला रा. उ. नि. क्षे. कालीमठ तहसील ऊखीमठ जिला-रूद्रप्रयाग ने मेरे न्यायालय में अवयस्क माद्द हैप्पी राणा पुत्र स्व. मनोज सिंह निवासी ग्राम-जाल तल्ला पोस्ट-जाल तल्ला तहसील ऊखीमठ जिला-रूद्रप्रयाग के संरक्षक नियुक्त होंने बाबत प्रस्तुत किया है जिसमें आपत्ति सुनवाई हेतु दिनांक- 22.04. 2026 की तिथि नियत है।
अत: जिस किसी को भी प्रार्थी को संरक्षक नियुक्त किये जाने बाबत कोई उज्र आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर मामलें में आपत्ति पेश करें, चूक करनें की दशा में मामले में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।
आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**मुख्यप्रशासनिक अधिकारी/**
**सदर मुंसरिम**
**जिला जज कोर्ट रूद्रप्रयाग**

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त गढ़वाल मंडल पौडी**

जेड. ए. अपील स. 43 सन् 2024-25
अपीलार्थी:- सुधीर कुमार पुत्र परमानन्द आदि

**बनाम**

**रिस्पोन्डेन्ट-**
1. श्रीमती अनीता पत्नी श्री मदन मोहन 2. कल्याण सिंह पुत्र कैलाश रावत 3. आशालता पत्नी जयबल्लभ 4. अजय डोभाल पुत्र जय बल्लभ 5. संजय डोभाल पुत्र जयबल्लभ 6. जीवन प्रकाश पुत्र गरीमानन्द 7. रामेश्वरी देवी पत्नी दलीप सिंह 8. महीधर पुत्र रेवाधर 9. बलीराम पुत्र रेवाधार 10. शिव प्रसाद पुत्र विश्वेश्वर प्रसाद 11. ध्यान सिंह पुत्र कलम सिंह 12. भुवनेश्वर प्रसाद पुत्र कलम सिंह 13. गुणानन्द पुत्र उमानन्द 14. मुकेश बहुगुणा पुत्र भगतराम 15. उमाशंकर पुत्र हरी प्रसाद 16. चैतन्य शंकर पुत्र हरी प्रसाद 17. विजय कुमार पुत्र हरी प्रसाद 18. राम चरण पुत्र राम चन्द्र 19. धूमा सिंह पुत्र वासुदेव 20. सुरेन्द्र सिंह पुत्र वासुदेव 21 सुरेन्द्र सिंह पुत्र बसंत रावल 22. राजेन्द्र सिंह पुत्र बसंत लाल 23. दीपक सिंह पुत्र बसंत रावल 24. केदार सिंह पुत्र गौर सिंह 25. शम्भू सिंह पुत्र धुत्ता सिंह 26. बीना देवी पत्नी शान्ति प्रसाद 27. कुल सचिव गढवाल विश्व विद्यालय 28. सचिदानन्द पुत्र धनानन्द 29. विजय सिंह पुत्र भगत सिंह 30. कुंवर सिंह पुत्र गोबिन्द सिंह 31. कमल सिंह पुत्र मान सिंह 32. सुशीला देवी पत्नी मंगल सिंह 33/1. श्रीमती शीला रावत पत्नी मदन स्वरूप 33/2. मनीष रावत पुत्र मदन स्वरूप 33/3. उत्कर्ष रावत पुत्र मदन स्वरूप 34. महेन्द्र पाल सिंह पुत्र मंगल सिंह 35. टीका प्रसाद पुत्र लीला राम 36. दर्शना नन्द पुत्र सुरेशा नन्द 37. देवकी नन्दन पुत्र सुरेशानन्द 38. अनसुया प्रसाद पुत्र सुरेशानन्द 39. लूथी राम पुत्र महीधर 40. बच्चीराम पुत्र महीधर 41. मंगल सिंह पुत्र बच्चीराम 42. गोपाल राम पुत्र बच्चीराम 43. खुणकू पुत्र बच्ची राम 44. गोबिन्द सिंह पुत्र तीरथ सिंह 45. कुशला देवी पत्नी सुरेश सिंह 46. किसनू लाल पुत्र टुन्टाई 47. धानबीर पुत्र जय सिंह 48. बसन्ती देवी पत्नी रामेश्वर सिंह 49. सुरेश पुत्र नत्थू राम 50. जगदीश पुत्र नत्थू राम 51. दिगम्बर पुत्र नत्थूराम 52. प्रदीप पुत्र नत्थूराम 53. सत्या काला पत्नी रमेश चन्द्र 54. गिरीश प्रसाद पुत्र बच्ची राम 55. राकेश चन्द्र पुत्र बच्ची राम 56. छोटे लाल पुत्र संग्राम दत्त 57. श्याम लाल पुत्र संग्राम दत्त 58. दौलत राम पुत्र संग्राम दत्त 59. सुनीता नेगी पत्नी रमेश नेगी 60. गिरीश रतूडी पुत्र महेशानन्द 61. हरि प्रसाद पुत्र देवी प्रसाद 62. आशा बहुगुणा पत्नी मुकेश बहुगुणा 63. बिरखी देवी पत्नी रामशरण 64. कमला देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह 65. अतर सिंह पुत्र कलम सिंह 66. प्रेम लाल पुत्र दौलत राम 67. रविन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह 68. जवार सिंह पुत्र इन्द्र सिंह 69. ज्ञान सिंह पुत्र नन्दू सिंह 70. सुधीर नैथानी पुत्र प्रेम बल्लभ 71. दिलीप सिंह पुत्र अमर सिंह 72. सरस्वती देवी पत्नी रामपाल 73. अनंत प्रकाश पुत्र प्रेम प्रकाश 74. गजेन्द्र सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश 75. योगेन्द्र सिह पुत्र थेपड सिंह 76. मोनी नवानी पत्नी कौस्तुभमणी 77. रवीन्द्र पुत्र विजय सिह 78. बीरेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह 79. सोमेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह 80. भरत सिंह पुत्र प्रवीण सिंह 81. भरत सिंह पुत्र कुन्दर सिंह 82. शान्ति कुमार पुत्र ललित मोहन 83. नीलम भट्ट पत्नी बृजमोहन 84. नीलम भट्ट पत्नी मदनमोहन 85. बृज मोहन पुत्र राम प्रसाद 86. सुनीता नेगी पत्नी नरेश नेगी 87. इन्द्रा देवी पत्नी कलम सिंह 88. रजनी देवी पत्नी योगेन्द्र प्रसाद 89. मंगली देवी पत्नी ओम प्रकाश 90. रमेश चन्द्र पुत्र भगवती प्रसाद
91. अनसुया प्रसाद पुत्र भगवती प्रसाद 92. दिनेश चन्द्र पुत्र भगवती प्रसाद 93. उर्मिला देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह 94. संजय सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 95. राम प्रसाद पुत्र चौतराम 96. भुवनेश्वरी देवी पत्नी मातवर सिंह 97. मनमोहन पुत्र मातवर सिंह 98. जगमोहन सिंह पुत्र मातवर सिंह 99. धानमोहन पुत्र मातवर सिंह 100. कुशला देवी पत्नी बिक्रम सिंह 101. आशीष पुण्डीर पुत्र बिक्रम सिंह 102. रविन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह 103. भुवनेश्वरी पत्नी जीतसिंह 104. अमित भंडारी पुत्र हयात सिंह 105. राम सिंह पुत्र कुवर सिंह 106.रामेश्वरी देवी पत्नी धनसिंह 107. राजेश पुत्र धनसिंह 108. संदीप पुत्र धनसिंह 109. पूर्णिमा देवी पत्नी अनसुया प्रसाद 110. मुदित पुत्र अनसुया प्रसाद 111. चडिका प्रसाद पुत्र भगवती प्रसाद 112. मदन मोहन पुत्र भगवती प्रसाद 113.नलिन डोभाल पुत्र भगवती प्रसाद 114.अनिता बिन्दोला पत्नी बिंजी लाल 115.अंकित काला पुत्र रमेश चन्द्र 116. रमेश चन्द्र पुत्र भगवती प्रसाद 117. नवीन चन्द्र पुत्र बुद्धि बल्लभ 118. गिरीश रतूडी पुत्र महेशानन्द 119. अधि. अभि. सा. नि. वि. 120. बीरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र चैत सिंह 121. मंजू देवी पत्नी संदीप सिंह 122.रवीन्द्र सिंह पुत्र कलम सिंह 123. हिम्मत सिंह पुत्र जगत सिंह 124. महेन्द्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह 125. निर्मला देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह 126. कुलदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह 127 आनन्दी देवी पत्नी भगवती प्रसाद 128. आरती देवी पत्नी विजय सिंह 129. शिवांस पुत्र विजय सिंह 130. श्रीकान्त पुत्र सच्चिदानन्द 131. मोहन कान्त पुत्र सचिदानन्द 132. चन्द्र कान्त पुत्र सचिदानन्द 133. रजनीकान्त पुत्र सचिदानन्द 134. विजय कान्त पुत्र सचिदानन्द 135. राजबीर सिंह पुत्र सज्जन सिंह 136. किरन नैथानी पुत्री सुधीर नैथानी 137. आयुष नैथानी पुत्र सुधीर नैथानी 138. रूपा देवी पत्नी गौरी सिंह 139. पुष्पा देवी पत्नी अनन्त प्रकाश 140. गगन सिंह पुत्र अनन्त प्रकाश 141. मकानी देवी पंवार पत्नी पूरण सिंह 142. मुन्नी पाण्डे पत्नी प्रेम लाल 143. सुभाष पाण्डे पुत्र प्रेम लाल 144. संजय पाण्डे पुत्र प्रेम लाल 145. अनिल पाण्डे पुत्र प्रेम लाल 146. प्रवीण रावत पुत्र प्रेम सिंह 147. कैलाश कुमार पुत्र बचन लाल निवासीगण ग्राम कोठड, पट्टी कटूलस्यूं तहसील श्रीनगर जिला पौडी गढ़वाल 148. नगर आयुक्त नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल 149. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलक्टर गढवाल 150. आम व खास ग्राम कोठड, पट्टी कटूलस्यूं तहसील श्रीनगर जिला पौडी गढवाल।
चूकि उपरोक्त अपीलार्थीगण ने न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर श्रीनगर गढवाल द्वारा राजस्व वाद स. 01 सन् 2023-24 अनीता देवी बनाम् कल्याण सिंह आदि में पारित निर्णय दि. 19.08.2025 के विरूद्ध एक अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की है जिसमें सुनवाई हेतु दि. 05.05.2026 को स्थान पौडी में नियत है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को अपीलार्थीगण की अपील पर कोई उज्र ऐतराज हो तो उपरोक्त नियत तिथि को समय 10 बजे दिन इस न्यायालय के समक्ष असालतन या वकालतन उपस्थित आवें। यदि आपके द्वारा ऐसा करने में चूक की गई तो मामले में एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। आज दि. 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी।

**अपर आयुक्त**
**गढवाल मण्डल पौडी**

# स्वरांजलि संगीत विद्यालय के वार्षिक उत्सव में उमड़ा जनसैलाब



■ लोकगीत, पारंपरिक नृत्य के जरिए कलाकारों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जौनसार-बावर की समृद्ध संस्कृति, लोकजीवन और परंपराओं को अपनी लेखनी और स्वर से अमर करने वाले महान साहित्यकार, कवि एवं लोकगायक स्वर्गीय रतन सिंह जौनसारी की जयंती के अवसर पर स्वरांजलि संगीत विद्यालय में भावपूर्ण एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और काव्य पाठ के माध्यम से कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर जौनसारी संस्कृति के रंग में रंग गया। विद्यालय के कलाकारों ने उनकी सैकड़ों रचनाओं में से चुनिंदा प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

रतन सिंह जौनसारी को जौनसार-बावर की आत्मा कहा जाता है।

उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से न केवल क्षेत्रीय बोली और लोकजीवन को जीवित रखा, बल्कि उसे राष्ट्रीय पहचान भी दिलाई। स्वरांजलि के छात्र-छात्राओं में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को आकर्षित किया!

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं और यह हमारी अमूल्य धरोहर को संरक्षित रखने की दिशा में एक मजबूत कदम है। स्वरांजलि संगीत विद्यालय की संस्थापिका शांति वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा जौनसारी, आकाश वाणी से पंडित रोबिन विश्वकर्मा, पूर्व खेल मंत्री नरेंद्र सिंह राणा तथा प्रख्यात लोक कलाकार नंदलाल भारती, लोक गायिका पुष्पा रावत, डॉ पूजा गोड़, तीलू रोन्तेली पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर राजकुमारी चौहान, भारत चौहान, लोक गायिका सितारा वर्मा, अंबेडकर नया संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट विजय एवं आरपी विशाल, लता राय सुमित्रा राठौर, बेलावाला व बादामावाला के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन ध्वजवीर सिंह एवं सुरेश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

**कार्यालय नगर पंचायत गंगोत्री उत्तरकाशी**

पत्रांक: 08/21-निविदा/2026-27 दिनांक 2.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गंगोत्री उत्तरकाशी द्वारा अपनी सीमान्तर्गत यात्रा काल 2026 हेतु नम्बर-01 तथा दुकान नम्बर-2 को ठेके पर दिये/संचालन किये जाने हेतु, नगर पंचायत गंगोत्री के तेखला उत्तरकाशी स्थित कार्यालय के सभागार में दिनांक 08.04.2026 को प्रात: 10:00 से समय 12:30 बजे अपराहन तक, निम्नानुसार निर्धारित निविदा/कोटेशन प्रपत्र पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन समय 1:00 बजे अपराहन/अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें/अन्य जानकारी दिनांक 08.04.2026 किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत गंगोत्री कार्यालय, तेखला, उत्तरकाशी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | न्यूनतम निविदा /कोटेशन राशि (विभागीय बोली) | निविदा फार्म | जी.एस.टी. 18% निर्धारित मूल्य | कुल रू. | निविदा डालने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुकान नम्बर-01 | 1,31,355,00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | 08.04.2026 |
| 2 | दुकान नम्बर-02 | 1,32,510.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गंगोत्री,**
**उत्तरकाशी**

**प्रभारी अधिकारी**
**नगर पंचायत गंगोत्री,**
**उत्तरकाशी**

**कार्यालय नगर पंचायत गंगोत्री उत्तरकाशी**

पत्रांक 07/21-निविदा /2026-27 दिनांक 02.04.2026

**सार्वजनिक अल्पकालिन ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गंगोत्री उत्तरकाशी द्वारा अपनी सीमान्तर्गत 2026 के यात्रा काल हेतु विभिन्न कार्यों की निविदा टू बिड सिस्टम में निम्नानुसार आनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है। टू बिड सिस्टम में प्राप्त तकनीकी बिड दिनांक 10.04.2026 को निम्नानुसार निविदा समिति एवं निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। तत्पश्चात् तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जाएगी। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तों को दिनांक 3.04.2026 से वेबसाईट www.uktenders.gov पद से डाउनलोड एवं किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत गंगोत्री कार्यालय, तेखला, उत्तरकाशी से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | न्यूनतम निविदा /कोटेशन राशि (विभागीय बोली) (रू.) | निविदा फार्म निर्धारित मूल्य | जी.एस.टी. 18% (रू.) | कुल रु. | निविदा डालने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वाहन पार्किंग शुल्क वसूली की निविदा का कार्य। | 49,99,050.00 | 3,000.00 | 540.00 | 3,540.0 | 09.04.2026 (सांय 5:00 बजे तक) | 10.04.2026 (दोपहर 12:30 बजे) |
| 2 | कुली/मजदूरों के पंजीकरण एवं व्हीलचेयर के पंजीकरण एवं संचालन का कार्य। | 19,01,666,00 | 1,500.00 | 270.00 | 1,770.00 | 09.04.2026 (सांय 5:00 बजे तक) | 10.04.2026 (दोपहर 12:00 बजे) |
| 3 | कैन्टीन एवं डॉरमेट्री की निविदा का कार्य। | 6,30,945.00 | 1,000.00 | 180.00 | 1,180.00 | 09.04.2026 (सांय 5:00 बजे तक) | 10.04.2026 (दोपहर 1:00 बजे) |

ई-निविदा खुलने से एक दिन पूर्व सांय 5:00 बजे तक निम्न अभिलेख मूल में भौतिक रूप में कार्यालय नगर पंचायत गंगोत्री तेखला में जमा करनी होगी-

1. धरोहर राशि के रुप में सी.डी.आर./एफ.डी.आर., जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गंगोत्री के नाम बन्धक हो।
2. निविदा शुल्क डी.डी./बैंकर्स चैक (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गंगोत्री के नाम देय हो।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पंचायत गंगोत्री,**
**उत्तरकाशी**

**प्रभारी अधिकारी,**
**नगर पंचायत गंगोत्रे,**
**उत्तरकाशी**

## नए ओटीटी प्रीमियर और स्ट्रीमिंग व लाइव क्रिकेट के बीच करें आसानी से स्विच

**देहरादून।** यह लॉन्ग वीकेंड बिल्कुल सही समय पर आया है, जब एंटरटेनमेंट की दुनिया में हलचल अपने चरम पर है। चाहे आप घर पर सुकून से समय बिताना चाहें, देर रात तक सीरीज देखना चाहें, या परिवार के साथ टीवी का आनंद लेना चाहें, यह लंबी छुट्टी काम से ब्रेक लेने और मनोरंजन से जुड़ने का बेहतरीन अवसर है।

कोर्टरूम ड्रामा और युवाओं की कहानियों से लेकर इंटरनेशनल एक्शन तक, इस हफ्ते ओटीटी पर विकल्पों की कमी नहीं है। एयरटेल आईपीटीवी के साथ इस अनुभव में आईपीएल के रोमांचक मुकाबलों का तड़का भी लग जाता है।

अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर 27 टॉप ओटीटी ऐप्स, 657 लाइव टीवी चौनल्स और एक विशाल ऑन-डिमांड लाइब्रेरी का आनंद लें। यहाँ आपके लॉन्ग वीकेंड के लिए खास तौर पर चुनी गई लिस्ट दी गई है, जिसमें नए ओटीटी प्रीमियर और स्ट्रीमिंग व लाइव क्रिकेट के बीच आसानी से स्विच करने का तरीका शामिल है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 273 दिनांक 02.04.2026

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा संख्या.01/EE/PCM/Dhalipur/2026-27
कार्य का नाम-ढालीपुर आसन कालोनी की भूमि पर स्थित 29 वृक्षों के पातन एवं निस्तारण का कार्य।
न्यूनतम बोली राशि -₹ 1,00,000.00 (GST अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय: 04.04.2026 को 15:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 18.04.2026 को 13:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "https://ujvnl.uk.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता**

'' बिजली के दुरूपयोग से बचें ''

**चुनाव सूचना**

स्व. युद्धवीर सिंह (शा.सै.) पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लुखन्द्रीधार, बड़मा, जिला-रुद्रप्रयाग के साधारण सभा के सम्मानित सदस्यों को अवगत कराना है कि विद्यालय की प्रबंधकारिणी का चुनाव निम्नवत सम्पन्न होगा।

नामांकन - 14 अप्रैल 2026 एवं 15 अप्रैल 2026 प्रात: 10 बजे से अपराहन्न 3 बजे अपराहन्न तक, नामांकन पत्रों की जांच 17 अप्रैल 2026 प्रात: 10 बजे से अपराहन्न 3 बजे तक, नाम वापसी 18 अप्रैल 2026 प्रात: 10 बजे से अपराहन्न 3 बजे तक, मतदान-22 अप्रैल 2026, समय 10 बजे प्रात: से अपराहन्न 2 बजे तक, मतगणना - 22 अप्रैल 2026 को अपराहन्न 3 बजे से। तत्पश्चात परिणाम की घोषणा।

सभी सम्मानित साधारण सभा के सदस्य उपरोक्त कार्यक्रम से अवगत हो लें।

**प्रबन्धक संचालक/प्रधानाध्यापक**

# व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर वितरण के लिए नई एसओपी

■ राज्य को मिला अतिरिक्त 26 प्रतिशत का कोटा ■ सचिव आनंद स्वरूप ने जारी की संशोधित एसओपी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में व्यवसायिक एलपीजी सिलेण्डरों की बढ़ती मांग और आपूर्ति संतुलन को ध्यान में रखते हुए पूर्व में निर्धारित एसओपी को अतिक्रमित करते हुए नई संशोधित एसओपी लागू कर दी गई है। सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति आनंद स्वरूप ने बताया कि राज्य द्वारा पीएनजी को बढ़ावा देने की दिशा में किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तराखण्ड को व्यवसायिक एलपीजी हेतु अतिरिक्त 6 प्रतिशत कोटा प्राप्त हुआ है, जबकि 20 प्रतिशत कोटा केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में प्रदान किया गया था।

इस प्रकार पूर्व निर्धारित 40 प्रतिशत के कोटे में वृद्धि करते हुए अब कुल 66 प्रतिशत कोटे के आधार पर नई व्यवस्था लागू की गई है। बता दें कि पूर्व में 40 प्रतिशत कोटे के अनुसार एसओपी निर्धारित की गई थी। श्री स्वरूप ने बताया कि नई एसओपी का उद्देश्य विभिन्न उपभोक्ता वर्गों के बीच संतुलित, प्राथमिकता आधारित एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करना है, ताकि चारधाम यात्रा, पर्यटन, औद्योगिक गति. विधियों एवं आवश्यक सेवाओं पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह व्यवस्था अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगी। स्वरूप ने बताया कि राज्य में कार्यरत तेल एवं गैस विपणन कंपनियों द्वारा उनकी बाजार हिस्सेदारी के अनुसार एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, सभी जिलाधिकारियों को आपूर्ति की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी और भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### रेस्टॉरेंट और ढाबों के लिए 2000 सिलेण्डर

सचिव स्वरूप ने बताया कि संशोधित एसओपी में विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों की दैनिक आवश्यकता को निर्धारित किया गया है। होटल एवं रिजॉर्ट जैसे पर्यटन आधारित प्रतिष्ठानों के लिए 1500 सिलेण्डर (24 प्रतिशत) तथा रेस्टोरेंट एवं ढाबों के लिए 2000 सिलेण्डर (32 प्रतिशत) निर्धारित किए गए हैं, जिससे पर्यटन सीजन के दौरान निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। सरकारी एवं सरकार द्वारा नियंत्रित गेस्टहाउसों के लिए 300 सिलेण्डर (5 प्रतिशत) आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, पेइंग गेस्ट सुविधा वाले छात्रावासों तथा होम-स्टे एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिष्ठानों के लिए 200-200 सिलेण्डर (प्रत्येक 3 प्रतिशत) निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विवाह समारोहों के लिए 660 सिलेण्डर (10 प्रतिशत) तथा फार्मास्यूटिकल, अस्पताल, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, रसायन एवं अन्य प्राथमिकता वाले औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1250 सिलेण्डर (20 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल 6310 सिलेण्डरों का दैनिक वितरण सुनिश्चित किया गया है।

### देहरादून को सर्वाधिक 31 प्रतिशत आवंटन

सचिव आनंद स्वरूप ने बताया कि जनपदवार कोटा भी गैस कनेक्शनों की संख्या के अनुरूप निर्धारित कर दिया गया। देहरादून को 31 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक आवंटन दिया गया है, जबकि हरिद्वार एवं नैनीताल को 13-13 प्रतिशत आवंटन निर्धारित किया गया है। उधमसिंह नगर को 9 प्रतिशत, चमोली को 6 प्रतिशत तथा रुद्रप्रयाग को 5 प्रतिशत आवंटन दिया गया है। टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी एवं अल्मोड़ा को 4-4 प्रतिशत, पिथौरागढ़ को 3 प्रतिशत तथा बागेश्वर एवं चम्पावत को 2-2 प्रतिशत आवंटन दिया गया है। यह व्यवस्था स्थानीय मांग और उपभोक्ता घनत्व को ध्यान में रखते हुए तय की गई है।

### विवाह समारोह के लिए विशेष प्रावधान, 02 सिलेडर निर्धारित

सचिव आनंद स्वरूप् ने बताया कि विवाह समारोहों के लिए विशेष प्रावधान करते हुए अधिकतम 2 व्यवसायिक सिलेण्डरों की सीमा निर्धारित की गई है। इसके लिए आवेदक को संबंधित जिलाधिकारी या नामित अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा, जिसके बाद दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत अनुम. ति प्रदान की जाएगी। अनुमोदन के बाद संबंधित गैस वितरक द्वारा अस्थायी कनेक्शन जारी कर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा इसकी सूचना जिलाधिकारी को भी दी जाएगी। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद यह कोटा पुनः सामान्य श्रेणियों में समायोजित कर लिया जाएगा, जिससे किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो।

विवाह समारोह के लिए निर्धारित 660 सिलेण्डरों में देहरादून एवं नैनीताल को सर्वाधिक 176-176 सिलेण्डर आवंटित किए गए हैं, जबकि हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर को 64-64 सिलेण्डर दिए गए हैं। अन्य जनपदों को उनकी आवश्यकतानुसार 18 से 24 सिलेण्डर तक आवंटित किए गए हैं। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निर्धारित 1250 सिलेण्डरों में देहरादून, हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर को 380-380 सिलेण्डर आवंटित किए गए हैं, नैनीताल व टिहरी को बीस-बीस तथा पौड़ी को 70 सिलेण्डर आवंटित किए गए हैं।

# उत्तरकाशी में ऑपरेशन प्रहार तेज 39 सत्यापन, कई पर कार्रवाई, 6 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद में चल रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत उत्तरकाशी पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए 14 चेकिंग प्वाइंट्स पर 59 वाहनों की जांच की। वीरवार को इस अभियान में पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर 21 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट एवं 19 के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई, जबकि 39 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं धरासू पुलिस ने 5 वारंटियों को पकड़ा, और पुरोला क्षेत्र में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# ऋषिकेश महायोजना 2031: अव्यवस्थित विकास से सुनियोजित भविष्य की ओर बड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के तहत ऋषिकेश महायोजना-2031 को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसी क्रम में सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन जनपदों-टिहरी, पौड़ी और देहरादून से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। सरकार का उद्देश्य इस महायोजना के माध्यम से ऋषिकेश को एक सुनियोजित, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करना है, जहां पर्यटन और शहरी विकास में संतुलन बना रहे।

### तपोवन बना चर्चा का केंद्र, अवैध निर्माण बड़ी चुनौती

बैठक के दौरान सबसे अधिक फोकस तपोवन क्षेत्र पर रहा, जो टिहरी विकास प्राधिकरण के अधीन आता है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2011 की पूर्व महायोजना के बाद इस क्षेत्र में अनियोजित और अवैध निर्माण तेजी से बढ़े हैं। होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक गति. विधियों के अनियंत्रित विस्तार ने न केवल क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को प्रभावित किया है, बल्कि यातायात, पार्किंग और सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी दबाव बढ़ाया है। इसके चलते स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### महायोजना-2031 में समाधान का रोडमैप तैयार

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा प्रस्तुत किए गए प्लान में इन समस्याओं के समाधान के लिए कई अहम प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिन क्षेत्रों में पहले से होटल और व्यावसायिक गति. विधियां विकसित हो चुकी हैं, उन्हें 'पर्यटन उपयोग क्षेत्र' के रूप में चिन्हित किया गया है। इससे न केवल मौजूदा ढांचे को वैधता और संरचना मिलेगी, बल्कि पर्यटन को भी व्यवस्थित तरीके से बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, भविष्य में अनियोजित निर्माण पर रोक लगाने के लिए सख्त नियामक प्रावधान भी जोड़े गए हैं।

### जनसुनवाई के बाद संशोधन, अब अंतिम चरण में योजना

अधिकारियों ने जानकारी दी कि महायोजना को पहले संबंधित प्राधिकरण बोर्डों से अनुमोदन मिल चुका है और इसके बाद इसे जनसुनवाई एवं प्रदर्शनी की प्रक्रिया से भी गुजारा गया। जनसुझावों के आधार पर इसमें संशोधन किए गए और फिर इसे शासन स्तर पर भेजा गया। शासन द्वारा पुनर्विचार के बाद इसे एक बार फिर संबंधित बोर्डों को भेजा गया, जहां से इसे अनुमन्य कर दिया गया है। अब योजना अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

### तीन जिलों का समन्वय, 15 दिन में सुझाव होंगे एकत्र

ऋषिकेश महायोजना-2031 तीन जनपदों में फैली हुई है टिहरी, पौड़ी और देहरादून। इनमें से दो जिलों ने योजना को स्वीकृति दे दी है, जबकि पौड़ी जनपद ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इन्हीं सुझावों पर विचार करने के लिए सचिव स्तर पर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी जिलों से प्राप्त सुझावों को 15 दिनों के भीतर समेकित कर शासन को प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि महायोजना को जल्द अंतिम रूप दिया जा सके।

### जल्द लागू होगी महायोजना, विकास को मिलेगी नई दिशा- डॉ. आर राजेश

सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि ऋषिकेश महायोजनाख्र2031 राज्य के लिए एक दूरदर्शी योजना है, जो आने वाले वर्षों में विकास की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आपत्तियों और सुझावों का शीघ्र निस्तारण करते हुए महायोजना को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तपोवन जैसे क्षेत्रों में जो अव्यवस्थित विकास हुआ है, उसे सुधारने के लिए इस बार ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे भविष्य में संतुलित और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# एनडीएमए और यूएसडीएमए ने चारधाम यात्रा के लिए कसी कमर

■ गृह मंत्रालय के निर्देश पर 10 अप्रैल को होगी मॉक ड्रिल, यात्रा के दौरान आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखा जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति तथा आकस्मिकता के निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में 10 अप्रैल को चारधाम यात्रा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को यूएसडीएमए में आयोजित ओरियंटेशन तथा कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस में चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जनपदों के अधिकारी तथा विभिन्न रेखीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन तथा एनडीएमए के सीनियर कंसलटेंट मेजर जनरल सुधीर बहल (अप्रा) ने मॉक ड्रिल के आयोजन तथा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मॉक ड्रिल का संच. ालन यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से किया जाएगा।

सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि चारधाम यात्रा हमारे प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशन पर सभी विभागों ने अच्छी तैयारियां की हैं। आपदा प्रबंधन विभाग भी पूरी तरह से एलर्ट मोड पर है। उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति का सामना करने के लिए उनकी क्षमताओं और तैयारी को परखना तथा उनमें वृद्धि करना है। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संसाधनों को कुशल उपयोग व प्रबंधन हो।

उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल चारधाम यात्रा से जुड़े सात जिलों में होगी, जिनमें उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी तथा देहरादून शामिल हैं। मेजर जनरल सुधीर बहल ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आईआरएस यानी घटना प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत संचालित की जाएगी। उन्होंने आईआरएस के तहत किस विभाग की तथा किस अधिकारी की क्या भूमिका है, इसे लेकर विस्तार से बताया। उन्होंने इंसीडेंस रिस्पांस टीम, क्रियान्वयन शाखा, नियोजन शाखा तथा संसाधन शाखा के दायित्वों एवं कर्तव्यों के साथ ही उत्तरदायी अधिकारी, इंसीडेंट कमाण्डर, शाखा प्रमुख, आब्जर्वर तथा नोडल अधिकारियों के उत्तरदायित्वों की जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन महावीर सिंह चौहान, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ, बिमलेश जोशी, आरटीओ देहरादून श्रीमती अनीता चमोला, राजीव बलोनी, विजय डंगवाल, सतेंद्र सिंह नेगी, रोहिताश्वा मिश्रा, एसके राणा, एसके साहू, शांतनु, तेजपाल, विनीत कुरील, आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 316 (पुराना), जो अब नया खसरा संख्या 127 के रूप में दर्ज है, स्थित मौजा सेवला कलां, परगना केन्द्रीय क्षेत्र, जिला देहरादून में स्थित भूमि का रकबा 51.85 वर्ग मीटर है। उक्त संपत्ति से संबंधित अभिलेखों के अनुसार, विक्रेता तरुण कुमार वालिया, पुत्र श्री उमेश वालिया हैं। इस भूमि का विवरण बही संख्या 1, जिल्द संख्या 1547, पृष्ठ 88 बुक संख्या 1। जिल्द संख्या 1563, पृष्ठ 923 से 932 में दिनांक 08/02/2006 में देहरादून रजिस्ट्रार मैं दर्ज है। घर से कोर्ट जाते समय कहीं खो गई है, जो ढूंढने पर भ नहीं मिल रही है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या अधिकार हो, तो वह एडवोकेट नवीन बगवाड़ी बहडे कोर्ट कंपाउंड देहरादून 7 दिन के भीतर अपने प्रमाण सहित संबंधित कॉल कर सकते हैं।

**7060397037 , गीता देवी पत्नी श्री संतोष सिंह निवासी GMS रोड देहरादून उत्तराखंड। दिनांक: 02/04/2026**

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः– 4 /सूचना/नामपरि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26 दिनांक– 01.04.2026

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 324/1, सि0 ला0 | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 तारेराम व श्रीमति सविता पत्नि स्व0 मनोज कुमार | श्री तारेराम पुत्र श्री सुखे | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 2 | 15,15(1), पुरानी ता0 | श्री अनमोल गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता | डा0 जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र कर्मचन्द | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 3 | 16, पुरानी ता0 | श्री अनमोल गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता | डा0 जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र कर्मचन्द | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 4 | 1670,सिविल लाईन | श्री ईशांक पुत्र स्व0 विजयपाल सिंह व श्रीमति सुजाता पत्नि स्व0 विजयपाल सिंह | श्री विजयपाल सिंह पुत्र स्व0 धन सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 5 | 144, रामनगर | श्री रोहित कालरा पुत्र झांगी राम | श्री राकेश भाटिया व अलका भाटिया पत्नि राकेश भाटिया | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 6 | 346/3, नेहरूनगर | श्री सुनील कुमार सिंगल पुत्र स्व0 साधूराम | श्री साधुराम पुत्र स्व0 उमराव सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 7 | 93, सिविल लाईन | श्री गजेन्द्र चौधरी पुत्र स्व0 बक्शे राम | श्रीमति चन्द्रा सैनी पत्नि सनी चार्ल्स | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 8 | 99, राजपुताना परि0 | श्री शाहिल पुत्र जाकिर हसन | श्रीमति दीपा बसंल पत्नि विकास बंसल व दीपक बंसल पुत्र नवल किशोर बंसल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 9 | 1242, चावमण्डी | श्री नरेश प्रसाद उर्फ नरेश नोटियाल पुत्र मायाराम | श्री मायाराम नोटियाल पुत्र स्व0 गोरीदत्त नोटियाल | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 10 | 543/1, गणेशपुर | श्रीमति ज्योति पत्नि गौरव सिंह | श्रीमति विनीता देवी पत्नि सुनील दत्त | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 11 | 742/20, सत्ती | श्रीमति अतिया पत्नि शुऐब आलम | मौहम्मद अरशद हुसैन पुत्र मरहूम अब्दुल कय्यूम | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 12 | 623, सत्ती | श्री आसिफ पुत्र मौ0 युसुफ | मौ0 आबिल पुत्र मौ0 हनीफ | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 13 | 740, चावमण्डी | श्री अजय सैनी पुत्र स्व0 मलाचन्द सैनी | श्री मालचन्द सैनी पुत्र श्री चौहल सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 14 | 335/1, नेहरूनगर | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता व राकेश कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 श्री राम अवतार | श्री राम अवतार पुत्र स्व0 कुंन्दन लाल | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 15 | 278, बी0टी0 गंज | श्री सुधीर तायल व प्रभात तायल पुत्रगण स्व0 सुरेश चंद तायल | श्री सुरेश चन्द तायल पुत्र आत्माराम | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 16 | 270, मकतूलपुरी | रमेश चन्द सैनी पुत्र स्व0 केहर सिंह सैनी | श्री प्रभजीत सिंह पुत्र भगवान सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 17 | 137,मलकपुर | कर्नल जगदीप सिंह पुत्र स्व0 के0के0 सिंह | श्री के0 के0 सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 18 | 1009(1), रामनगर | तेजिन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व0 अमर सिंह आनन्द | श्री गुरचरण सिंह पुत्र अमर सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 19 | 843, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति फरजाना मलिक पत्नि इसरार मलिक | श्रीमति गुरमीत कौर पत्नि श्री योगेन्द्र सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 20 | 414, आदर्शनगर | श्री सचिन सिंह पुत्र विजय सिंह | श्री रवि प्रकाश सिंह पुत्र धन चरण सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 21 | 690/3, मलकपुर | श्रीमति बीना पत्नि श्री मुकेश कौशल | श्रीमति बशू देवी पत्नि श्री प्रताप सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 22 | 927/2डी–बी, आदर्शनगर | श्रीमति अंजली सैनी पत्नि अभिषेक धीमान | श्री राकेश कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश भूटानी | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 23 | 189, बी0टी0 गंज | इन्तजार व इस्तिखार अली पुत्रगण जलील अहमद व जमशैद अली पुत्र जान आलम | श्रीमति तहजीबा पत्नि हाकम अली | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 24 | 206, बी0टी गंज | इन्तजार व इस्तिखार अली पुत्रगण जलील अहमद व जमशैद अली पुत्र जान आलम | श्रीमति तहजीबा पत्नि हाकम अली | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 25 | 166, पूर्वीदीनदयाल | अनीस अहमद, शफीक अहमद, अतीक अहमद, नदीम अहमद, सलीम अहमद, नफीस अहमद, पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | श्री बुदधु उर्फ बदरूद्दीन पुत्र स्व0 जमालूद्दीन | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 26 | 152, पुरानी तहसील | राजेन्द्र पुत्र राजकुमार व नेहा पत्नि अशोक | श्री राजकुमार पुत्र किशन लाल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 27 | 96, पठानपुरा | श्री अफरोज बानो पत्नि गुलजार हुसैन | श्री वजीह अख्तर शरफानी पुत्र स्व0 लतीफ अहमद शरफानी | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 28 | 302, पूर्वीदीनदयाल | श्रीमति ऐरन गौड पुत्री श्री रूपेश शर्मा पत्नि श्री सुमित शर्मा | श्री दिनेश कुमार, विनोद कुमार पुत्र वीर सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 29 | 390, शेखपुरी | श्री आदेश कुमार पुत्र स्व0 मान सिंह | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मान सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 30 | 390/ए, शेखपुरी | श्री सुरजीत सिंह पुत्र स्व0 मामराज सिंह | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 31 | 390/बी, शेखपुरी | श्री राजबीर सिंह पुत्र स्व0 रामदास | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 32 | 870, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति पिंकी वर्मा पुत्री स्व0 ब्रजपाल सिंह | हनुमन्त गोयल पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद गोयल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 33 | 850/1, रामनगर | श्रीमति रीतू मिगलानी पत्नि अमन अरोडा | नीरज कुकडेजा पुत्र जगदीश लाल कुकडेजा | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 34 | 252/1, राजपूताना पश्चिमी | श्रीमति रीना पत्नि राजेश | श्रीमति रेनू तायल पत्नि प्रवीण कुमार तायल व तनवी तायल पत्नि हर्षूल कुमार तायल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 35 | 324/1, सिविल लाईन | श्री अमित सिंह पुत्र शीशपाल सिंह | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 तारेराम व सविता पत्नि स्व0 मनोज कुमार | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 36 | 588/2, गणेशपुर | श्रीमति मंजू सैनी पत्नि ब्रिजेश | विनोद कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण भोपाल सिंह | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 37 | 291, रामनगर | श्रीमति उषा पत्नि सोहन लाल | श्रीमति पूर्णिमा बुग्गा पत्नि आर0के0 बुग्गा | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 38 | 166, पूर्वीदीनदयाल | श्री कमलेश कुमार अग्रवाल पुत्र शम्भू दयाल अग्रवाल | श्री अनीस अहमद, शफीक अहमद, नफीस अहमद, अतीक अहमद, नदीम अहमद, सलीम अहमद पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 39 | 390/ए, शेखपुरी | श्री जगदीश पुत्र श्री मामराज | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 40 | 791, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति सुमन अग्रवाल पत्नि विनोद अग्रवाल | प्रियंका अग्रवाल पत्नि श्री संजय अग्रवाल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 41 | 201/1, पुरानी ता0 | श्रीमति बबिता पत्नि श्री राजाराम | श्री नितिन त्यागी पुत्र अशोक त्यागी | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 42 | 336, रामनगर | श्री तजिन्द्र सिंह पुत्र स्व0 गुरमीत सिंह | श्री सुखविन्दर सिंह पुत्र गुरूमीत सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 43 | 139/4, माहिग्रान | श्रीमति बेबी पत्नि स्व0 सुभाष | श्री सुभाष उर्फ बसंत पुत्र त्रिलोक चन्द | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 44 | 989(1–6), रामनगर | श्री दिनेश माटा पुत्र कर्मचन्द माटा | श्री अरूण चान्दना व अनुराग चान्दना पुत्रगण दिलबाग राय व उषा चान्दना पत्नि स्व0 दिलबाग व वैशाली पत्नि पंकज मेहन्दीरत्ता | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 45 | 989/1, रामनगर | श्री दिनेश माटा पुत्र कर्मचन्द माटा | श्री अरूण चान्दना व अनुराग चान्दना पुत्रगण दिलबाग राय व उषा चान्दना पत्नि स्व0 दिलबाग व वैशाली पत्नि पंकज मेहन्दीरत्ता | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 46 | 1484/7, सि0ला0 | श्री पंकज चावला पुत्र स्व0 प्रेम सागर | श्री प्रेमसागर पुत्र स्व0 सरदारी लाल | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 47 | 367, अ0 ता0 पूर्वी | श्री संजय कुमार पुत्र श्री मदनलाल | श्री संजय सिंघल पुत्र स्व0 भूषण लाल सिंघल व मोना सिंघल पत्नि संजय सिंघल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 48 | 390, शेखपुरी | श्री तिलक चन्द पुत्र स्व0 मामचन्द | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मान सिंह | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 49 | 9, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति रिजवाना पत्नि गुल मौहम्मद | श्रीमति श्वेता अरोरा पत्नि नितिन अरोरा | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 50 | 729/4, सिविल लाईन | श्रीमति प्रतिभा पत्नि सुभाष चन्द | श्री मनोज जैन पुत्र सुभाष चन्द जैन व राखी जैन पत्नि मनोज जैन | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 51 | 1381/4ए, गणेशपुर | श्री कपिल देव पुत्र हरि सिंह | श्रीमति प्रतिभा पत्नि रजनीश कुमार | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 52 | 706/2, आदर्शनगर | श्रीमति मंजु पत्नि सुरेन्द्र कुमार शर्मा | श्री हर्ष गोस्वामी पुत्र अनिल कुमार गोस्वामी | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 53 | 658, पूर्वावल्ली | श्री अनुराग उर्फ अनुराग त्यागी पुत्र कृष्णा स्वरूप त्यागी | श्रीमति उर्मिला त्यागी पत्नि कृष्ण स्वरूप | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 54 | 1456, सिविल ला0 | श्री शरद गुप्ता पुत्र मामचन्द गुप्ता | मनोज कुमार गोयल पुत्र जयप्रकाश गोयल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 55 | 209, चावमण्डी | श्री विवेक कुमार पुत्र स्व0 गिरधारी लाल | श्री प्रवेश पुत्र गिरधारी लाल व श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि गिरधारी लाल | शपथ–पत्र दान–पत्र |
| 56 | 1389, अ0 ता0 परि0 | श्री मनोज कुमार गोयल पुत्र स्व0 जय प्रकाश गोयल | श्रीमति वीना रानी मित्तल पत्नि जितेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 57 | 512, चावमण्डी | श्रीमति अंजलि पत्नि स्व0 अजय कुमार | श्री अजय कुमार पुत्र लक्ष्मीकांत | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 58 | 1704/1, सिविल ला0 के जुज भाग में | श्री कमल जैन पुत्र वीरेन्द्र कुमार जैन व मीता अग्रवाल पत्नि कमल जैन | श्री सौरभ गोयल पुत्र स्व0 अतुल कुमार गोयल | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 59 | 145, गणेशपुर | श्री प्रवेश कुमार पुत्र स्व0 बाबूराम माता का नाम स्व0 श्रीमति हेमलता व प्रवीण कुमार पुत्र स्व0 बाबूराम माता का नाम स्व0 श्रीमति हेमलता | श्रीमति हेमलता पत्नि स्व0 बाबू राम | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 60 | 33, आवास विकास | श्रीमति नेहा सिंघल पत्नि गौरव सिंघल व सुरभि सिंघल पत्नि विनित सिंघल | श्री संजीव गुलाटी पुत्र कृष्ण लाल गुलाटी | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 61 | 469, आवास विकास | श्रीमति प्रीति गुप्ता पत्नि अभय कुमार गुप्ता | श्रीमति दीप्ती श्रीवास्तव पत्नि मनजीत कुमार श्रीवास्तव | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 62 | 180/ए, सत्ती | श्री उस्मान पुत्र सईद अहमद | श्री रामस्वरूप पुत्र श्री सुन्दर सिंह व सरस्वती पत्नि रामस्वरूप | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 63 | 208(8), बी.टी.गंज | श्री मुकेश वर्मा पुत्र अशोक कुमार | श्री सुरभि भल्ला पत्नि श्री गगन भल्ला | शपथ–पत्र,विक्रय–पत्र |
| 64 | 86, पूर्वीदीनदयाल | श्री नवीन कुमार शर्मा पुत्र धर्मवीर शर्मा | श्री धर्मवीर पुत्र लशकरी लाल | शपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 65 | 933, रामनगर | श्रीमति सरोज चांदना पत्नि विजय चांदना | श्री विजय चांदना पुत्र स्व0 लक्ष्मण दास चांदना | शपथ–पत्र दान–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

### 2019 में रुड़की का मेयर बनाने वाली जनता को अधर में छोड़कर भागने वाले

# भगोड़े गौरव गोयल ने थामा कांग्रेस का हाथ!

## निकाय चुनाव में बतौर निर्दलीय चुनाव जीतकर 2023 में चुपचाप इस्तीफा देकर किया आवाम के साथ विश्वासघात

**अख्तर मलिक**

**रुड़की।** 2019 में बतौर निर्दलीय ही चुनाव जिताने वाली आवाम को अधर में छोडकर जाने वाले भगौडे गौरव गोयल ने आखिर अब करीब ढाई साल का अरसा बीतने के बाद कांग्रेस का हाथ थाम लिया है लेकिन अब सियासी हल्कों में यही सवाल खडा हो गया है कि जिस भगौडे ने उस आवाम को धोखा दिया जिसने ईमानदारी से दलों के प्रत्याशियों ाके छोडकर गौरव गोयल पर निर्दलीय ही भरोस कर के उसे रूडकी के मेयर जैसी महत्वपूर्ण कुर्सी पर बिठाया था और फिर चोर बाजारी करने के चलते कानून का शिकंजा गरदन में फंसने के डर से जुलाई 2023 में चुपचाप इस्तीफा देकर जनता के साथ विश्वासघात कर के खिसक गया था। और एक तरह से गौरव गोयल ने सियासत से ही किनारा कर लिया या यह कहें कि वनवास ले लिया था लेकिन कहते हैं कि सियासत का चस्का बुरी चीत है अब 2027 के विधानसभा चुनाव को आगाज हुआ था भगौडे गौरव गोयल ने भी अपना सियासी मुस्तकबिल संवारने के लिए इस बार कांग्रेस का हाथ थामा ओर फिर से लोगों के बीच जाकर अपने आपको जिंदा करने की कोशिश कर रहा है लेकिन गौरव गोयल शायद भूल गया हो लेकिन आवाम कैसे भूल पायेगी कि जिस सख्श को निर्दलीय ही भारी बहुमत से जिताकर मेयर की कुर्सी पर बिठाया ओर चोर बाजारी में जेल जाने के डर से जनता के साथ ध



ोखा, विश्वासघात, गददारी कर इस्तीफा देकर मैदान छोड भाग गया। अगर गौरव गोयल चोर न होता तो न्यायालय पर भरोस करता। हाईकोर्ट जाता, सुप्रीम कोर्ट जाता या जेल भी जाना पडता तो जाता लेकिन कहते हैं कि सच की हमेशा जीत होती है। अगर वह चोर नहीं था तो जीत जाता लेकिन गौरव गोयल को पता था कि वह चोर है इसलिए उसने चुपचाप इस्तीफा देकर जनता को धोखा देकर अपनी गरदन को बचाया।

गौरतलब है कि गौरव गोयल को 2019 के निकाय चुनाव में शहर की आवाम ने उसकी भोलीभाली सूरत व जनसेवा को देखते हुए दो दलों के प्रत्याशियों को नकारकर निर्दलीय ही शिक्षानगरी के मेयर की कुर्सी पर बिठाया लेकिन कुर्सी पर बैठते ही गौरव गोयल का लालच इस कदर बढ़ गया कि वह कुछ ऐसे जगह भी कमीशन की बात करने लगा जो किसी भी तरह जायज नहीं था और गौरव के इस लालच के चलते ही उसने लीज संपत्ति रिनुअल के मामले में 25 लाख

> ❖निगम के मेयर रहते हुए चोरबाजारी में मुकदमा दर्ज होने पर कानून का शिकंजा कसने पर खुद ही छोड़ भागा कुर्सी
>
> ❖जिस शहर की आवाम ने गौरव गोयल को निर्दलीय ही मेयर जैसी महत्वपूर्ण कुर्सी पर बैठाया, उसको ही चुपचाप चूना लगाया

रुपए की रिश्वत की मांग कर डाली जिस बाबत गौरव के ऊपर मुकदमा भी कायम हुआ। वही कुर्सी पर बैठकर वह अपने आप को बहुत ताकतवर समझने लगा। उसने अपने नौकरों के खिलाफ मुकदमे लिखवाए और तो और गौरव गोयल ने अपने नौकर पर घिनौने इल्जाम लगाकर अपने घर की इज्जत को भी नहीं बख्शा। भले ही बाद में उन मामलों में गौरव गोयल ने सेटिंग-गेटिंग के जरिए कंप्रोमाइज कर लिया लेकिन गौरव गोयल पर लगातार संगीन आरोप लगते रहे। और आखिरकार चोर बाजारी व अधिकारियों के साथ बदसलूकी के अनेक मामलों में लगातार घिरने के बाद जब उसकी गरदन पर कानूनी फंदा डलने वाला था तो 28 जुलाई 2023 में गौरव गोयल ने चुपचाप मेयर पद से इस्तीफा देकर शहर की उस भोलीभाली आवाम के साथ विश्वासघात किया जिसे उसने महापोर जैसी कुर्सी पर बिठाया था।

## ..अगर सरकार ने फंसाया था, तो न्यायालय पर क्यों नहीं किया भरोसा!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुड़की।** पूर्व मेयर गौरव गोयल ने अपने लालच में जहां कुर्सी गवा दी तो उसकी काली करतूतों ने ही उसकी सामाजिक व सियासी प्रतिष्ठा को भी पूरी तरह बर्बाद कर दिया। अब सालों बाद कांग्रेस का हाथ थाने के बाद फिर शहर की जनता में अब यह सवाल फिर उठ रहा है कि अगर गौरव गोयल ईमानदार और सच्चा था तो फिर उसने महापौर के पद से खुद ही इस्तीफा क्यों दिया। वह सच्चा व पाक साफ था तो कानूनी लड़ाई लड़ता। मामला हाईकोर्ट से नहीं बनता तो फिर सुप्रीम कोर्ट जाता और अगर जेल भी जाना पडता तो अपने

> ❖चोर था इसीलिए दिया इस्तीफा, अगर सच्चा था, तो लड़ता कानूनी लड़ाई

शहर की आवाम को सच्चा साबित करने के लिए जेल भी जाता। लेकिन गौरव गोयल ने महापौर की कुर्सी से खुद ही अपना इस्तीफा देकर यह साबित कर दिया कि वह खुद चोर है। और उसने अपनी चोरी यानि अपनी काली करतूतों को छिपाने व जेल जाने के डर से ही इस्तीफा दिया था। एक मेयर जैसी कुसी पर चुने हुए जन प्रतिनिधि को इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। बल्कि आवाम को साथ लेकर लडाई लडनी थी। लेकिन गौरव गोयल ने अपनी कानून के शिकंजे से अपनी गरदन बचाने के लिए चुपचाप जेल जाने के डर से मेयर जैसे पद से इस्तीफा दे देकर अपने आपको शहर की आवाम की नजरों में गिराने के साथ सियासत में भी अपना एक तरह से खुद ही कत्लेआम कर दिया। अब आखिर जनता ऐसे धोखेबाज विश्वासघाती पर कैसे भरोसा करेंगी। जो जनता को बीच मझदार में कुर्सी छोडकर भाग गया हो जबकि कुर्सी के लिए तो लोग लडते मरते हैं।

## क्या कांग्रेस के दिन आ गए बिल्कुल माड़े, जो विस चुनाव में रहेगी भगोड़े के सहारे!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुड़की।** भले ही 2027 विधानसभा के चुनाव को आगाज हो गया हो और सभी सियासी दलों ने अपना कुनबा बढाने का सिलसिला शुरू कर दिया हो लेकिन ऐसे में एक सवाल फिर खडा हो रहा है कि क्या कांग्रेस के इतने दिन माडे आ गये हैं कि अब वह भगौडे के सहारे चुनाव में उतरेगी? या चुनाव लडेग? अफसोस की बात है कि कांग्रेस के प्रदेश व देश के बडे नेताओं की माजूदगी में एक भगौडे अदने से नेता ने कांग्रेस का हाथ थामा है। जो चोर बाजारी व भ्रष्टाचार के जंजाल में फंसकर जेल जाने के डर से खुद ही मेयर जैसी अहम कुर्सी छोडकर आवाम को धोखा देकर सियासत के मैदान से भाग गया हो। अवगत करा दें कि गौरव गोयल ने 2029 के निकाय चुनाव में बतौर निर्दलीय



चुनाव जीता लेकिन अपने लालच में निगम में मेयर रहते हुए चोर बाजारी के चक्कर में भ्रष्टाचार को मुकदमा होने कानून का फंदा गरदन में फंसने के बाद जेल जाने के डर से 28 जुलाई 2023 में खुद ही मेयर के पद से इस्तीफा दे दिया था और तब से ही अपने घर बेजान अंजान की तरह पडे थे लेकिन अब 2027 का बिगुज बजा तो गौरव गोयल ने इस बार भगवा चोला उतारकर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। और अफसोस इस बात का हे कि कांग्रेस नेताओं ने एक ऐसे धोखेबाज नेता को पार्टी में पूरे ढोल नगाडों के साथ आला नेताओं की मौजूदगी में हाथ थमवाया। यह बिल्कुल नहीं सोचा कि एक चोर बाजारी के चलते कानून के फंदे से डरकर खुद पद से इस्तीफा देने वाले भगौडे को जनता किस तरह मांफ करेगी किस तरह आवाम उस पर भरोसा करेंगी जो चोर बाजारी में शहर की आवाम को खुद ही धोखा देकर बीच मझधर में सियासी मैदान छोडकर भाग गया हो। आखिर कांग्रेसियों को इस भगोडे गौरव गोय में ऐसी क्या खूबी दिखाई दी जो ना आवाम का हुआ न ही सियासी दल का वफादार रहा। इससे तो अब यही लगता है कि कांग्रेस के इतने माडे दिन आ गये हैं कि भगौडों के सहारे वह विस चुनाव में उतरेगी या चुनाव जीतने में भगौडे नेता का सहारा लेगी।

## युवाओं की नसों में जहर घोलने वाला नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 120 अवैध नशे के कैप्सूल बरामद हुए हैं लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग फ्री देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने के लिए जनपद को नशा मुक्त करने व नशा स्मेंक चरस गांजा अवैध शराब आदि तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद के सभी कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक थाना अध्यक्ष को लगातार निर्देशित किया जा रहा है उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 1 अप्रैल को चेकिंग के दौरान नाहिद नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 120 कैप्सूल बरामद हुए पूछताछ में अभियुक्त से मिली महत्वपूर्ण जानकारी नाहिद ने पूछने पर बताया कि उक्त नशीले पदार्थ को मेरे द्वारा अपने मेडिकल स्टोर से लाकर लक्सर में नशा करने वाले व्यक्तियों को महंगे दामों पर बेचा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम बॉबी कुमार पुत्र ओमवीर निवासी सेठपुर थाना कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान उप निरीक्षक विपिन कुमार हेड कांस्टेबल रियाज अली पंचम प्रकाश शमशेर खान शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान हनुमान जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा झबरेड़ा में गुरुवार को भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर जहां मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे आयोजित कर बैंड बाजो के साथ कस्बे में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया,। वहीं सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए एक निर्धन कन्या का विवाह भी संपन्न कराया गया। शोभा यात्रा में मनमोहक झांकियों ने स्थानीय निवासियों का मन मोह लिया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बे में स्थित अखाड़ा हनुमान मंदिर में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा विधि-विधान से श्री हनुमान जी का पूजन और यज्ञ संपन्न कराया गया। इस दौरान यजमान चौधरी कुलबीर सिंह ने सपरिवार पूजा-अर्चना की और मंदिर शिखर पर भव्य ध्वज चढ़ाया। इस पावन अवसर को और अधिक विशेष बनाते हुए मंदिर परिसर में एक पुनीत कार्य संपन्न हुआ। कस्बे की ही एक निर्धन कन्या आंचल पुत्री मांगेराम, निवासी झबरेड़ा का विवाह पूरे हिंदू रीति-रिवाज और दान-दहेज के साथ शुभम पुत्र वीर सिंह, निवासी सुभरी, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के संग संपन्न कराया गया। उपस्थित लोगों ने नवदंपति को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर, बालाजी सेवा समिति



झबरेड़ा की ओर से भी हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किए गए। पंडित सत्यपाल गौतम ने विधि-विधान से पूजा और हवन संपन्न कराया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया तथा दोपहर बाद कस्बे में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ मोहल्ला नई मंडी बाग स्थित गुलाब सिंह के आवास से शुरू होकर शिव चौक, मुख्य मार्ग, मुख्य बाजार, पुराना बाजार, छावनी मोहल्ला और रविदास मंदिर होते हुए शिव चौक पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्री हनुमान जी भगवान श्री राम माता सीता श्री राधा-कृष्ण और शिव तांडव तथा भारत माता आदि की मनमोहक झांकियां बैंड बाजो व डीजे के साथ शामिल थीं। कस्बे में कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया और जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस पूरे धार्मिक आयोजन के दौरान कस्बे के अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य रूप से चौधरी कुलबीर सिंह चौधरी मानवेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, इंद्रेश मोती, डॉक्टर जोध सिंह यशवीर सिंह अशोक धीमान, जितेंद्र कुमार, मुकेश कश्यप, कपिल, अभय, रोहित सैनी गौरांश सैनी, मोनू, डॉ. विपिन, रवींद्र पंवार, सुंदर, महिपाल, सचिन, अमित, शुभम गोयल, दिनेश चौधरी, राजू, आदेश, अंकित, ऋषभ शर्मा, सुशील आर्य और वीरेंद्र सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## गोकशी के मामले में महिला गिरफ्तार, 5 फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पुलिस ने गौकशी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि मौके से पांच अन्य आरोपी फरार हो गए।

पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम जोरासी में गौकशी कर मांस को एक घर में रखा गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रिफाकत के मकान पर दबिश दी। दबिश के दौरान एक महिला को मौके से हिरासत में लिया गया, जबकि अन्य पांच आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने लगभग 25 किलोग्राम गौवंशीय मांस तथा पशु कटान में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। बरामदगी के आधार पर कोतवाली रुड़की में आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह, उप निरीक्षक आनन्द मेहरा,कांस्टेबल रणवीर सिंह,कांस्टेबल अनिल शर्मा शामिल रहे।

## करंट लगने से दो लोग बुरी तरह झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विधुत पोल के हाईटेंशन लाइन से टकराने पर ठेके पर कार्यरत दो बिजली कर्मचारी झुलस गए वही कर्मचारियों को करंट की चपेट में आते देख अन्य कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई करंट से झुलसे दोनों लोगों को आनन फानन में रुड़की के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। बुधवार की रात मंगलौर मार्ग पर एक ट्रक के आरसीसी विधुत पोल से जा टकराने पर टूटे पोल को वीरवार की दोपहर लंढौरा बिजलीघर पर ठेके पर कार्यरत बिजली कर्मचारी बदल रहे थे। पोल को गड्ढे में डालते समय आरसीसी पोल अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जा टकराया। जिस कारण विधुत पोल पकड़े सुमित और अवनीश करंट की चपेट में आकर झुलस गए दोनों को करंट की चपेट में आता देख अन्य कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई एसडीओ गुलशन बुलानी ने बताया कि ठेके पर कार्यरत बिजली कर्मचारियों की थोड़ी सी लापरवाही के कारण दोनों लोग करंट की चपेट में आए हैं। दोनों को उपचार हेतु भेजा।

## रुड़की रोडवेज शिफ्टिंग को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोडवेज बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांतरित किए जाने की चर्चाओं के बीच गुरुवार को स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने परिवहन मंत्री बत्रा से बस अड्डे को यथास्थान बनाए रखने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि रोडवेज बस अड्डा शहर से बाहर या बाईपास पर स्थानांतरित किया जाता है तो आसपास के सैकड़ों दुकानदारों का व्यापार प्रभावित होगा और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। व्यापारियों ने आशंका जताई कि बस अड्डे की भूमि पर अन्य व्यावसायिक परियोजना, जैसे मॉल निर्माण, की योजना बनाई जा रही है। दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से हरिद्वार-रुड़की को जोड़ने वाला सोलानी पुल निर्माणाधीन है। जिससे क्षेत्र के व्यापार और आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता और व्यापारी पहले से ही समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में बस अड्डे का स्थानांतरण उनकी परेशानियां और बढ़ा देगा। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं, इस संबंध में परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने स्पष्ट किया कि वर्तमान बस अड्डा अपने स्थान पर ही संचालित होता रहेगा। उन्होंने बताया कि यहां स्थानीय बस अड्डे के रूप में सुविधाओं का विकास किया जाएगा। जबकि शहर के विस्तार को देखते हुए एक नया अंतरराज्यीय बस अड्डा शहर के बाहर विकसित किया जा रहा है। फिलहाल बस अड्डे पर मरम्मत और व्यवस्थाओं के सुधार का कार्य चल रहा है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के 09.07.2020 को नगर निगम रूडकी से जारी जन्म प्रमाण पत्र में नाम जकिया दर्ज है। जिसे बदलकर मेरी पुत्री का नाम जकिया त्यागी (ZAKIYA TYAGI) रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को जकिया त्यागी (ZAKIYA TYAGI) के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **मौ. शाहनवाज पुत्र मौ. खलील नि. ग्राम बचिटटी तह. देवबंद जिला सहारनपुर, यूपी**

### लक्सर ऐथल रेलवे फाटक 2 से 5 अप्रैल तक रहेगी बंद

**लक्सर।** लक्सर ऐथल रेलवे फाटक संमपार संख्या 7ब में मेंटेनेंस कार्य करने के लिए 2 अप्रैल 2026 से 5 अप्रैल 2026 तक सड़क यातायात को बंद किया गया है सुधाकर मनोज रेलवे अधिकारी ने बताया कि आम जनता को अवगत कराना की सीधडू फाटक एवं पथरी फाटक के बीच में ऐथल बुजुर्ग रेलवे फाटक पर मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है जिस कारण से इस संमपार पर 2 अप्रैल 2026 से 5 अप्रैल 2026 तक सड़क यातायात पूर्णत: बंद रहेगा

### कलियर में बीडीएस टीम का सघन चेकिंग अभियान

## टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर बीडीएस टीम ने दरगाह क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए विभिन्न स्थानों पर रेंडम जांच की।

पिरान कलियर में गुरुवार को बीडीएस टीम प्रभारी ललित मोहन के नेतृत्व में दरगाह परिसर, मुसाफिर खाना, दरगाह कार्यालय, साबरी गेस्ट हाउस और रैन बसेरा सहित कई जगहों की गहन तलाशी ली गई। डॉग स्क्वॉड में शामिल डॉग 'रोजर' ने संदिग्ध वस्तुओं की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों और उनके सामान की भी जांच की।टीम प्रभारी ललित मोहन ने बताया कि आगामी दिनों में बढ़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए दरगाह क्षेत्र मे रेंडम चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



इस दौरान टीम में नरेंद्र चंद, मंजीत सिंह, दिनेश सिंह, पृथ्वी राज सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## परिहन ने रोडवेज पर चलाया सघन चेकिंग अभियान, नहीं मिली कोई बड़ी अनियमितता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** परिवहन कर अधिकारी हरीश कुमार के नेतृत्व में रुड़की रोडवेज परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राइवेट वाहनों, टैक्सी-ट्रैवल एजेंसियों और बस संचालकों की गहन जांच की गई।

परिवहन कर अधिकारी हरीश कुमार ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ प्राइवेट वाहनों के माध्यम से सवारियां भेजी जा रही हैं, जिससे राजस्व हानि की आशंका है। इसी के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सभी संबंधित एजेंसियों, टैक्सी यूनियनों और प्राइवेट वाहनों की जांच की गई, लेकिन मौके पर ऐसी कोई ठोस अनियमितता सामने नहीं आई, जिसके आधार पर तत्काल नोटिस जारी किया जा सके। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने कहा कि इस तरह के चेकिंग अभियान आगे



भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

# सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्धः सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामनगर/ नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि यहां उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु पर बजरंग. बली की विशेष कृपा है, क्योंकि उनकी इच्छा के बिना कोई भी उनके दरबार तक नहीं पहुंच सकता।



■ चारधाम यात्रा को और सशक्त बनाने पर दिया जा रहा है ध्यान ■ रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कई बार उन्होंने यहां आने का प्रयास किया, लेकिन कार्यक्रम नहीं बन पाया। इस बार बजरंगबली की कृपा से अचानक कार्यक्रम तय हुआ और उन्हें दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए ईश्वर से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहा. सिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। वहीं काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से श्रद्धालुओं को अभूतपूर्व सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। साथ ही केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम में भी व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड की पहचान और अधिक सशक्त हुई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से राज्य में सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं तथा धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन चुका है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है, जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण है।

## कहा, सभी के सहयोग और आशीर्वाद से उत्तराखंड बनेगा देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से यह संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों केदारखंड और मानसखंड सहित अन्य स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्य लगातार जारी हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य में हर वर्ष श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कुंभ केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का विषय है, वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुंभ मेले की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं।

### चार धाम के कपाट खोलने तक जारी रहेगी शीतकालीन यात्रा

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा भी निरंतर संचालित हो रही है और चारधाम के कपाट खुलने तक जारी रहेगी। अब तक लगभग एक लाख साठ हजार श्रद्धालु शीतकालीन यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर चुके हैं। आगामी चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की भी व्यापक तैयारियां आरम्भ की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकाल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं, जो राज्य में धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य धार्मिक पर्यटन को और अधिक सशक्त करना है, ताकि उत्तराखंड की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "बजरंगबली की कृपा हम सभी पर बनी रहे और हमारा उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।"

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, महापौर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, शांति मेहरा, कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, श्री हनुमान धाम ट्रस्ट के आचार्य विजय एवं ट्रस्ट प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में हाईटेक होंगी प्रयोगशालाएंः डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



■ एमबी पीजी कॉलेज व कोटद्वार महाविद्यालय में लैब अपग्रेडेशन को 4 करोड़ जारी
■ कहा, आईआईटी कानपुर की सहायता से उच्चीकृत की जाएंगी प्रयोगशालाएं

देहरादून। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी एवं कोटद्वार महाविद्यालय में स्थापित विज्ञान प्रयोगशालाओं को हाईटेक बनाया जायेगा। दोनों महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण को 4 करोड की धनराशि जारी कर दी गई है। इन दोनों महाविद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को आईआईटी कानपुर के सहयोग से उच्चीकृत किया जायेगा, ताकि वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आधुनिक उपकरणों के जरिये प्रयोगात्मक एवं शोधात्मक प्रशिक्षण मिल सके।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार, प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में प्रदेशभर के राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित प्रयोगशालाओं को उच्चीकृत कर हाईटेक बनाया जायेगा, ताकि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वैश्विक स्तर के मानदण्डों के अनुरूप प्रयोगात्मक कार्यों का प्रशिक्षण मिल सके। डॉ. रावत ने बताया कि प्रथम चरण में एम.बी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्थापित विज्ञान प्रयोगशाला के उच्चीकरण को 2-2 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है, शीघ्र ही आईआईटी कानपुर की सहायता से दोनों महाविद्यालयों की विज्ञान प्रयोगशाला को उच्चीकृत किया जायेगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को प्रयोगशालाओं के समय पर उच्चीकरण करने निर्देश दे दिये गये।

# धामी सरकार में धरातल पर विकास कांग्रेस धरातल से ही कटी : दिनेश

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



■ कांग्रेसी पंचमुखी और एकमुखी एक-दूसरे और जनता कांग्रेस को निपटाएगी
■ कहा, भाजपा के लिए 27 में चुनौती नहीं, धामी के नेतृत्व में लगेगी हैट्रिक

देहरादून। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने 27 के चुनावों में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हैट्रिक लगाने का दावा किया है। क्योंकि भाजपा की डबल इंजन सरकार धरातल पर विकास कर रही है और उसी धरातल से कांग्रेस पूरी तरह कटी हुई है। कांग्रेस में स्वयंघोषित पंचमुखी और एकमुखी रुद्राक्षी नेता एक दूसरे को जिस तरह निपटाने में लगे हैं, वो 2017 और 2022 के नतीजों को दोहराने का संकेत है।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, भाजपा और कांग्रेस की राजनैतिक कार्यशैली एवं विचारों के प्रति प्रतिबद्धता में जमीन आसमान का अंतर है। भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य में लगातार धरातल पर विकास के कार्यों को स्थापित कर रही हैं। पीएम मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश दिन दूनी रात चौगुनी गति से तरक्की कर रहा है। इससे अलग स्वयं भाजपा संगठन निरंतर अपने कार्यक्रमों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर में मौजूदगी का एहसास कराता रहता है।

पार्टी के लाखों सक्रिय एवं साधारण कार्यकर्ता, आम लोगों की दिनचर्या और सुख-दुख में निरंतर भागीदारी करते हैं। यही वजह है कि भाजपा दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी बनकर आज देवभूमि में भी अजेय बनी हुई है। वहीं उन्होंने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि 2014 के बाद से लगातार हार के बाद भी उनका प्रदेश या केंद्रीय नेतृत्व सबक सिखने के मूड में नहीं है। उनको लगता है चार लोग मीडिया में बयानबाजी करेंगे और जनता उनके साथ खड़ी हो जाएगी। कांग्रेस नेता बड़ी मुश्किल से एक कार्यक्रम कर पाते हैं और खुशफहमी पाल कर घर बैठ जाते हैं। जबकि भाजपा एक के बाद एक सांगठनिक एवं जनसहभागिता के कार्यक्रम से निरंतर आगे बढ़ते हुए स्वयं को मजबूत करती जाती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि गुटबाजी और एक दूसरे को नीचा दिखाना कांग्रेस की लड़ाई बेहद शर्मनाक है। ऐसी राजनीतिक पार्टी जो स्वयं को राज्य के विकास की कमान सौंपने की दावेदारी करती हो, उसके गिने चुने बड़े नेता खुलकर एक दूसरे कर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

# सीएस ने किया कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

हरिद्वार। कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को हरिद्वार में विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।

कुंभ क्षेत्र के कार्यों के विस्तृत निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने अपर गंगा नहर के बाएं तट पर स्थित शहीद भगत सिंह घाट (कामधेनु घाट) से सिंहद्वार तक निर्माणाधीन घाट एवं बैरागी कैम्प घाट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि घाटों का निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि कुम्भ के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।



■ सभी कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश, गुणवत्ता पर विशेष जोर
■ ग्रीन घाट एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष फोकस, साप्ताहिक समीक्षा के आदेश

उन्होंने बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए घाटों पर रैम्प एवं अन्य सुगम्यता संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, साथ ही चेंजिंग रूम एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि इस बार कुम्भ मेलाख्र2027 के लिए 'ग्रीन घाट' विकसित किए जाएं, जिसके तहत घाटों पर हरित पट्टियां विकसित कर उन्हें फूलों एवं पौधों से सजाया-संवारा जाए।

उन्होंने ज्वालापुर, ईदगाह, पीएसी, शिवालिक नगर मोटर मार्ग के किलोमीटर-3 पर पथरी रौ नदी पर निर्माणाधीन 60 मीटर लंबे प्री-स्ट्रेस्ड आरसीसी सेतु के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

मुख्य सचिव ने बहादराबाद-सिडकुल मार्ग (भाईचारा ढाबा से बीएचईएल सेक्टर-6 होते हुए शिवालिक नगर चौक एवं बीएचईएल मध्य मार्ग तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग कुम्भ के दौरान यातायात के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने धनौरी-सिडकुल लिंक मार्ग पर पथरी रौ नदी में पुरानी गंग नहर सायफन के डाउनस्ट्रीम में बन रहे 90 मीटर स्पान के पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पुल से संबंधित नदी तल के कार्य वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि वर्षा ऋतु में जलस्तर बढ़ने से कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर सचिव शहरी विकास नितेश झा, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, नगर आयुक्त नंदन कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, हरिद्वार विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी मौजूद रहे।

# 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से सम्मानित हुई उत्तराखंड पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पुलिस को "राष्ट्रपति पुलिस कलर" से अलंकृत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य के इतिहास का "स्वर्णिम और गौरवपूर्ण अध्याय" बताया है। सीएम कहा कि उत्तराखंड के लिए यह क्षण केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि गौरव, परंपरा और अदम्य सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भेंट कर पुलिस महानिद. ेशक दीपम सेठ ने यह जानकारी दी द्य



■ देश के चुनिंदा राज्यों में शामिल हुई उत्तराखंड की पुलिस ■ सीएम पुष्कर धामी ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस को देश के उन चुनिंदा पुलिस बलों की श्रेणी में स्थापित करता है, जिन्हें उनकी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों और जवानों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन ने उत्तराखंड पुलिस को इस उच्च सम्मान तक पहुँचाया है। यह उपलब्धि न केवल पुलिस बल की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि पूरे उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करती है।

### सीएम धामी बोलेः यह सम्मान नहीं, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की राष्ट्रीय पहचान

सीएम ने कहा कि किया कि यह सम्मान केवल एक अलंकरण नहीं, बल्कि वर्षों की वीरता, अनुशासन, उत्कृष्ट सेवा, पेशेवर दक्षता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मान्यता है। यह पुरस्कार एक कठोर और बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद दिया जाता है, जिसमें पुलिस बल के हर आयाम कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, जनसुरक्षा और तकनीकी नवाचार का गहन परीक्षण किया जाता है। यह सम्मान पुलिस के ध्वज और वर्दी पर अंकित होकर उसके गौरव, अस्मिता और परंपरा का स्थायी प्रतीक बन जाता है, साथ ही हर पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणा और जिम्मेदारी का स्रोत भी है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस बल ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

### यह उपलब्धि उत्तराखंड पुलिस के इतिहास का 'स्वर्णिम अध्याय': डीजीपी

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने इस उपलब्धि को उत्तराखंड पुलिस के इतिहास का "स्वर्णिम अध्याय" बताते हुए कहा कि यह सम्मान प्रत्येक अधिकारी और जवान के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ पुलिस परिवारों के त्याग और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि भविष्य में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगी। उत्तराखंड पुलिस अब इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ राष्ट्र एवं राज्य की सेवा और सुरक्षा में और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी।

# ऋषिकेश बाईपास निर्माण की स्वीकृति पर महाराज ने जताया आभार

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में ट्रैफिक जाम को कम करने और चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए केन्द्र सरकार की और से ऋषिकेश बाईपास के 4-लेन निर्माण के लिए 1105.79 करोड़ की मंजूरी दिये जाने पर प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा का आभार जताया है।



■ शहर के भीतर लगने वाले जाम से यात्रियों को मिलेगी निजात

महाराज ने कहा कि 12.67 किमी लंबा यह नया एनएच-7 बाईपास नेपाली फार्म (तीनपानी) के पास से शुरू होकर खारास्रोत तक बनेगा, जिससे ऋषिकेश शहर के भीतर लगने वाले जाम से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर डिजाइन किमी 529750 से किमी 542420 तक भट्टोवाला ढालवाला होते हुए खाराश्रोत पुल तक प्रस्तावित 4 लेन ऋषिकेश बाईपास (पैकेज-01) के निर्माण से सम्बन्धित है। प्रस्तावित बाईपास की कुल लम्बाई 12.670 किमी है, जिसमें 4.876 किमी एलिवेटेड संरचना, 0.50 किमी वायाडक्ट सहित मुख्य पुल, 42 मीटर लघु पुल, 3 अंडरपास (0.364 किमी), 1 रेल ओवर ब्रिज (184 मीटर), 1 ओवरपास (120 मीटर), 1 राउंडअबाउट इंटरसेक्शन, 1 राउंडअबाउट जंक्शन सम्मिलित हैं।

ऋषिकेश चारधाम यात्रा (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री) का प्रमुख प्रवेश द्वार है, जहाँ से राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय यातायात का अत्यधिक दबाव शहर के भीतर से होकर गुजरता है।

# 'उज्ज्वल' में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। यूजेवीएन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल के सम्मान में निगम मुख्यालय 'उज्ज्वल' में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. सिंघल के साथ कार्यकाल के अपने अनुभवों और संस्मरणों को साझा करते हुए उनके नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना की। समारोह में डॉ. संदीप सिंघल ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा निगम की निरंतर प्रगति की कामना की।इस अवसर पर यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह, यूपीसीएल एवं पिटकुल के प्रबंध निदेशक जी.एस. बुदियाल, निदेशक परियोजनाएं सुरेश चन्द्र बलूनी, अधिशासी निदेशक सुधाकर बडोनी, आशीष कुमार जैन तथा विवेक आत्रेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस में कुनबा बढ़ते ही 'वार-पलटवार' तेज

# हरीश धामी बोले-हरक फिर दे सकते हैं धोखा

मौहम्मद शाह नजर

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान अब खुली सियासी जंग का रूप लेती नजर आ रही है। बयानबाजी का स्तर इतना तीखा हो गया है कि नेता एक-दूसरे की राजनीतिक विश्वसनीयता पर ही सवाल उठाने लगे हैं। ताजा विवाद में धारचूला विधायक हरीश धामी ने सीधे तौर पर हरक सिंह रावत को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'जो एक बार धोखा दे चुका है, वह फिर दे सकता है'।

दरअसल, पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 27 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की एक फेसबुक पोस्ट से हुई। उन्होंने अपनी लंबी राजनी. तिक यात्रा का जिक्र करते हुए 'अर्जित अवकाश' लेने की बात कही। इस बयान को लेकर पार्टी के भीतर कई तरह की अटकलें शुरू हो गईं, इसे कहीं थकान, तो कहीं नेतृत्व से नाराजगी के संकेत के तौर पर देखा गया।

■ हरदा के सम्मान में इस्तीफे की पेशकश

करीब एक दशक से सत्ता से बाहर कांग्रेस के लिए यह अंदरूनी कलह चिंता का विषय बनती जा रही है। एक तरफ पार्टी वापसी की तैयारी में जुटी है, वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ नेताओं के बीच खेमेबाजी खुलकर सामने आ रही है। इस बीच प्रदेश प्रभारी उत्तराखण्ड के दौरे पर आ रही हैं। अब देखना होगा कि पार्टी हाईकमान इस 'सियासी संग्राम' को थाम पाता है या फिर यह विवाद और गहराकर चुनावी तैयारियों को प्रभावित करता है।



**दिल्ली का 'शक्ति प्रदर्शन' और देहरादून में 'शब्दों की जंग'**: 28 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस ने 6 बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर एकजुटता का संद. ेश देने की कोशिश की। रामनगर के संजय नेगी को पार्टी में शामिल न कराने की कहानी ने बवाल मचा दिया। देहरादून लौटते ही तस्वीर बदल गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने खुलकर कहा कि हरीश रावत की अनदेखी की जा रही है, जो पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

### हरक का पलटवार, फिर धामी का सीधा हमला

कुंजवाल के बयान के बाद हरक सिंह रावत ने बिना देर किए जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'किसी एक नेता के भरोसे पार्टी नहीं चलती' और हरीश रावत के 'आराम' लेने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन यह बयान हरीश रावत खेमे को रास नहीं आया। हरीश धामी ने तीखा पलटवार करते हुए 2016 के दलबदल प्रकरण की याद दिलाई और हरक पर कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का आरोप जड़ दिया।

### 'जहां हरदा, वहीं हम' इस्तीफे तक की बात

विवाद यहीं नहीं थमा। धामी ने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे और उनके जैसे समर्थक 'हरदा के सम्मान' में सामूहिक इस्तीफा देने को भी तैयार हैं। उनका यह बयान साफ संकेत देता है कि मामला अब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं, बल्कि संगठनात्मक संकट का रूप ले सकता है।

### रणजीत मान जाएं तो रामनगर व सल्ट दौनों कांग्रेस जीतेगीः संजय नेगी

देहरादून। जिस संयज नेगी को लेकर कांग्रेस में उठा-पटक चल रही है, वह गुरूवार को देहरादून स्थित पूर्व सीएम हरीश रावत के आवास पहुंचे ओर हरदा से लंबी गुफ्तगु की। हरदा से उनकी क्या बात हुई यह तो सामने नही आया, मगर नेगी ने मुलाकात के बाद कहा कि मैं हरीश रावत जी से अवकाश छोड़ने का निवेदन करने आया था, मैने अपनी ज्वाईनिग पार्टी आलाकमान, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के उपर छोड़ दी है। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता रहा हूं, अब कांग्रेस को सोचना है कि मुझे पार्टी में लेना है, या नही। संजय नेगी ने यह भी कहा कि अगर रणजीत रावत जी मान जाते हैं, और मुझे रामनगर से टिकट मिला है तो कांग्रेस रामनगर और सल्ट दौनों सीटों पर जीत हासिल करेगी।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3–4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष पर नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं






कृति आरके जैन

देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन-देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच-दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



योगेश कुमार गोयल

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फाइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फाइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार





रजनीश कपूर

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो.चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।

भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता.बिक, करीब 20,000-30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल-टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली-मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीबः ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहाः हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैंः ट्रम्प



ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ष्अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।


# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगाः ईरान

### सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।



■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं
■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

■ पत्नी की मौत, दावाः पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधावार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं।



■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च

कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यूः उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रूपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:- Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.